संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21, अंक -04 मंगलवार ,05 नवम्बर 2024 , पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2+1 रूपये

# सच्चाई से समझौता होगा नहीं...

**जो सच है वही दिखेगा...लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका हमारी जिम्मेदारी!**

**निर्भीकता एवं निष्पक्षता के साथ स्वतंत्र पत्रकारिता**

**सदैव जनपक्ष में निर्भीक खबरों के साथ...**

**20 साल बेमिसाल**

**संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन**
**राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र**

**आज अखबार के 21 वें स्थापना दिवस पर..**

## घटती-घटना के हृदय की आवाज...

संयोग है कि दैनिक घटती-घटना अखबार समूह का स्थापना दिवस व भारत के 26 वें राज्य छत्तीसगढ़ का स्थापना दिवस 1 नवंबर को पड़ता है इसलिए अखबार समूह छत्तीसगढ़ की स्थापना दिवस के साथ-साथ अपने स्थापना दिवस को भी मनाता है जहां दैनिक घटती घटना की उम्र 20 वर्ष हो गई है तो वही छत्तीसगढ़ राज्य 24 वर्ष का हो गया है हम छत्तीसगढ़ राज्य से 4 वर्ष छोटे हैं, प्रकाशन क्षेत्र में,इस बार छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा राज्योत्सव 5 नवंबर को मनाने का निर्णय लिया गया,हमने भी छत्तीसगढ़ सरकार के आदेश को देखते हुए अपने अखबार व छत्तीसगढ़ राज्य का स्थापना दिवस 5 नवंबर को मनाने का निर्णय लिया हैं। जन जाग्रति के संकल्प के साथ 01 नवम्बर 2004 में दैनिक घटती-घटना समाचार पत्र के प्रकाशन का कार्य प्रारंभ किया गया। आज समाचार-पत्र अपने प्रकाशन के सफलतम 20 वर्ष पूर्ण कर 21 वें वर्ष में प्रवेश करने जा रहा है। इन 21 वर्षो में दैनिक घटती-घटना समाचार पत्र अपनी साख बनाए रखने में खरा उतरा है। जनहित के समाचार प्रकाशित कर एवं सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर दैनिक घटती-घटना ने आमजन को जागृत करने का प्रयास जारी रखा है,यदि दैनिक घटती-घटना अपने गौरवमय इतिहास पर नज़र डाले तो अपनी उपलब्धियों पर यथोचित गर्व होगा। यह एक ऐसा अवसर है जब हम इस लम्बी यात्रा में अपनी उपलब्धियों का उत्सव मनाते हुए आत्मसंतुष्ट हो रहे हैं। आज के इस कठिन दौर में जहां अनेक साधन व सुविधायुक्त अखबार व डीजिटल सोशल मीडिया मौजूद हैं वहां हम कठिन हालात में सीमित साधनों व बगैर किसी के सहारे वाली स्वतंत्र व विशुद्ध जनमुखी पत्रकारिता की राह में अग्रसर है...जिसमें संघर्षो का अंतहीन सिलसिला बना ही रहता है, फिर भी हर गुजरते दिन,महीनों और सालों में हमारी प्रतिबद्धता और हिम्मत मजबूत होती ही गई है...हमारे दैनिक अखबार व डिजिटल प्लेटफार्म जी.जी. न्यूज को समाज के ग्रामीण से लेकर शहरी क्षेत्रों के आवासों,निवासों,दफ्तरों,दुकानों आदि में समान रूचि व विश्वास के साथ पढ़ा व देखा जाता है। हमारे सभी पाठकों व चाहने वालों को समाज में चल रहे अश्लीलता,सनसनी,ढोंग,द्वेष और कलह का घोर विरोध व परहेज करना काफी पसंद आता है व प्रबुद्ध वर्ग के द्वारा हमारे अखबार व डिजिलट प्लेटफार्म को सराहा भी जाता है। हमारी नीतियां व हमारी कार्यशैली और प्रवृत्ति में इंसानियत व पारदर्शिता की झलक स्पष्ट है...हम सिर्फ और सिर्फ ईमानदारी के तराजू पर ईमानदारी के चश्में से ही दुनिया को परखने की जन्मघुट्टी मिली हुई है...इंसानियत की पैरोकारीता ने हम को सभ्य समाज की मान्यता से कृतज्ञ पर रखा है। आप सभी के विश्वास समर्थन व प्रेम के बल पर ही दैनिक घटती-घटना अख़बार अपनी अनंत यात्रा के 21 वें पड़ाव पर पहुंचकर प्रसन्नता और गौरव का अनुभव कर रहा है। दैनिक घटती-घटना समूह पाठकों की पसंद है। पाठक यह इंतजार करते हैं कि सुबह उन्हें समाज और व्यवस्था से जुड़े उन पहलुओं से दैनिक घटती-घटना अवगत कराएगा जो काम केवल वही करता है। हमारे समाज को ऐसे पत्रकार की आवश्यकता है जो पत्रकारिता जानते हों, जिन्हें भाषा का ज्ञान हो, जिनमें संयम हो और वो निर्भीक व स्पष्टवादी हो।

आज के युग में जब लोग अखबार खरीदना और पढ़ना नहीं पसंद करते वहीं जब लोगों को दिनभर की घटनाएं ऐसे ही सोशल मीडिया से पता चल जा रही हैं ऐसे समय में दैनिक घटती-घटना के पठन का इंतजार यह बतलाता है कि लोगों को आज भी अखबार की खबरें साथ ही चाय की चुस्की की दरकार है बस खबर सत्यता से करीब हो सत्य हो तभी लोग इस इंतजार को अपने भीतर पाते है और यही उनका इंतजार किसी समाचार पत्र की लोकप्रियता है ख्याति है। आज दैनिक घटती-घटना समाचार पत्र समूह के 21 वें वर्ष में प्रवेश करने पर एक संकल्प भी लिया जा रहा है कि समाचार-पत्र का प्रकाशन सत्य से ही प्रेरित होकर किया जाता रहेगा जैसा आरम्भ वर्ष से ही जारी है। पाठकों के समक्ष एक विषय यह भी की कठिनाई ऐसा नहीं है नहीं आई और ऐसा भी नहीं है कि हर स्थिति में अडिग रहकर ही कोई प्रकाशन हमने ने किया,जब-जब ऐसी परिस्थिति आई जब प्रकाशन उपरांत किसी बिगड़ी व्यवस्था में सुधार का सिलसिला शुरू हुआ,हमने ऐसे मामले में सराहना भी करने का काम किया जो जारी रहने वाला एक अभियान रहने वाला है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की भूमिका का बेहतर निर्वाहन दैनिक घटती-घटना अखबार समूह ने किया,वहीं कभी भी कोई समझौता लाभ उद्देश्य से नहीं किया,जब मामला लोकतंत्र के चौथे स्तंभ बतौर लोकतंत्र के मान-सम्मान से जुड़ा रहा हो और आगे भी ऐसा ही प्रयास जारी रहने वाले है। आप सभी पाठकों शुभचिंतकों से आग्रह की दैनिक घटती-घटना के लिए आप भी अपने सुझाव प्रेषित करें,क्या सुधार और क्या और बेहतर दैनिक घटती-घटना कर सके। अपने प्रकाशन से की उसकी स्वीकार्यता और उसके उद्देश्य से लोग सहमत हो सकें। अखबार को लेकर एक बात और भी आप सुधी पाठकों को बतानी आवश्यक है खासकर 21 वीं वर्षगांठ पर की दैनिक घटती-घटना समाचार-पत्र हमेशा आलोचक की भूमिका निभाता चला आया है। सरकार किसी की भी रही हो दैनिक घटती-घटना ने कभी किसी परिणाम विपरीत की परवाह नहीं की और हमेशा प्रकाशन के दौरान हमने ने वही प्रकाशित करने का प्रयास किया जो सत्य था या उसके करीब था। सूत्रों को लेकर भी अखबार ने गोपनीयता कायम रखी और सूत्रों की जानकारी बाहर नहीं निकलने दी। देखा जाए तो दैनिक घटती-घटना ने हर उस कर्तव्य का निर्वाहन किया जो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ होने के नाते उसे पूर्ण करने थे। प्रकाशन में विज्ञापन या प्रलोभन से हमेशा परहेज दैनिक घटती-घटना की खासियत रही। दैनिकं घटती-घटना परिवार की एक और खासियत रही वह यह की जिन्हे भी जिम्मेदारी दी गई, उनकी खबरों पर उनका एकाधिकार भी उन्हे दिया गया और उनकी खबरें कभी नहीं रुकीं जब उन्होंने कोई खबर भेजी और किसी प्रभावशाली ने रोकने प्रकाशन कार्यालय तक सम्पर्क किया। आज कहीं न कहीं यह भी एक कारण हैं कि अखबार समूह से कुछ सीमित लोग ही प्रतिनिधि बतौर जुड़ सके हैं वहीं वह जिम्मेदार हैं और एक लक्ष्य देशहित के लिए उनका संकल्प है। आज घटती-घटना के 21 वें स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मैं आप सभी प्रिय पाठकों,नियमित ग्राहकों, विज्ञापनदाताओं और घटती-घटना के तमाम सहयोगियों,प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष हितैषियों का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं...तथा भविष्य में भी विश्वास व सहयोग बनाए रखने के आशा के साथ अगले पायदान में प्रवेश करने पर आप सभी का हृदय की गहराईयों से आभार एवं धन्यवाद...!



संपादक
अविनाश सिंह

# दर्दनाक बस दुर्घटना में 36 की मौत

» 4 लाख रुपए के मुआवजे का एलान...
» हादसे के समय बस से नीचे गिरे कुछ यात्री...
» इन्हीं की सूचना के बाद पुलिस को पता चला...
» गहरी खाई के कारण राहत कार्य में मुश्किल...



**अल्मोड़ा,04 नवम्बर 2024 (ए)।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा में सोमवार सुबह भीषण सड़क दुर्घटना हो गई। अब तक की जानकारी के मुताबिक, गौलीखाल (गढ़वाल) से सुबह रामनगर के लिए चली यात्री बस मार्चुला के पास खाई में जा गिरी। बस में 42 लोगों के बैठने की क्षमता थी। मरने वालों की संख्या बढ़कर 36 पहुंच गई है। घायलों में कुछ की हालत गभीर बनी हुई है।

मार्चुला में इस स्थान पर पहले भी हादसे होते रहे हैं। सरकार ने हर मृतक के परिवार को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता का एलान किया है। वहीं घायलों को 1-1 लाख रुपए की मदद दी गई है।

### बस से गिरे यात्रियों ने पुलिस को सूचना दी

हादसे के समय कुछ यात्री बस से नीचे गिर गए। बहुत गहरी खाई होने के कारण किसी को हादसे की जानकारी नहीं लगी। बस से गिरे यात्री जैसे-तैसे ऊपर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दी।

सूचना मिलने पर एसएसपी समेत आला अधिकारी घटनास्थल पर रवाना हो गए। इसके अवाला एसडीआरएफ की 3 टीमों को भी रेस्क्यू ऑपरेशन में लगाया गया है। राहत तथा बचाव कार्य जारी है।

लोगों का कहना है कि बस में क्षमता से अधिक यात्री सवार थे, क्योंकि दीवाली की छुट्टियां खत्म होने के बाद लोग पहाड़ों से अपने-अपने काम पर लौट रहे थे। प्रशासन जल्द मृतकों की लिस्ट जारी कर सकता है।

### स्टेयरिंग फेल होने से हुआ ये हादसा

हादसे के कारणों का भी पता लगाया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि स्टेयरिंग फेल होने के कारण ड्राइवर बस से नियंत्रण चला गया। हादसा सोमवार सुबह हुआ जब बस रामनगर से रानीखेत की ओर को जा रही थी।

# आर्टिकल 370 मामले पर जम्मू विधानसभा में हंगामा

» आर्टिकल 370 वापस लाओ,जम्मू-कश्मीर विधानसभा में पीडीपी विधायक के प्रस्ताव पर हंगामा...



**जम्मू-कश्मीर/नई दिल्ली,04 नवम्बर 2024(ए)।** जम्मू-कश्मीर विधानसभा में सोमवार को पीडीपी विधायक वहीद पारा ने एक प्रस्ताव पेश किया, जिसमें अनुच्छेद 370 हटाए जाने का विरोध किया गया है। इसके अलाला जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा फिर से बहाल करने की भी मांग की गई है। विधानसभा में पेश इस प्रस्ताव के विरोध में भाजपा के विधायकों ने हंगामा भी किया।

वहीद पारा का कहना था कि जम्मू-कश्मीर को फिर से विशेष दर्जा मिलना चाहिए और आर्टिकल 370 की बहाली हो जानी चाहिए। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को दोबारा पूर्ण राज्य का दर्जा दिए जाने की भी मांग की। फिलहाल जम्मू-कश्मीर एक केंद्र शासित प्रदेश है, जहां दिल्ली की तरह ही विधानसभा भी है। पुलवामा विधायक के इस प्रस्ताव के खिलाफ भाजपा के सभी 28 एमएलए सीटों पर खड़े हो गए और तीखा विरोध किया। भाजपा विधायक शाम लाल शर्मा ने तो मांग की कि वहीद पारा को निलंबित किया जाए क्योंकि उन्होंने इस तरह का प्रस्ताव लाकर सदन के नियमों का उल्लंघन किया है।इस दौरान स्पीकर अब्दुल रहीम राठर बार-बार अपील करते रहे कि सभी विधायक अपनी सीटों पर बैठ जाएं, लेकिन किसी ने उनकी एक नहीं सुनी। स्पीकर ने कहा कि अभी यह प्रस्ताव मेरे पास नहीं आया है। इसे पढ़ने के बाद ही कोई फैसला लिया जाएगा। भाजपा के विधायक लगातार हंगामा करते रहे तो नेशनल कॉन्फ्रेंस के विधायक भी वेल में आ गए।




## केरल,पंजाब और उत्तर प्रदेश में उपचुनाव 13 को नहीं,अब होंगे 20 नवंबर को

**नई दिल्ली,04 नवम्बर 2024 (ए)।** केरल, पंजाब और यूपी में 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव अब 20 नवंबर को होंगे. विभिन्न उत्सवों के कारण चुनाव आयोग ने वोटिंग को एक हफ्ते तक टालने का फैसला किया है। बता दें कि 13 नवंबर को होने वाली वोटिंग को टालने के लिए कांग्रेस, भाजपा समेत कई दलों ने चुनाव आयोग से अपील की थी। पार्टियों का कहना था कि कई त्योहारों के चलते 13 नवंबर को वोटिंग कम हो सकती है। हालांकि, चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे. इसी दिन महाराष्ट्र और झारखंड के चुनावी नतीजे भी आएंगे. चुनाव आयोग को कार्तिक पूर्णिमा को ध्यान में रखते हुए तारीखों में बदलाव करना चाहिए। बीजेपी की मांग थी कि 13 नवंबर की जगह 20 नवंबर को चुनाव कराए जाएं। अब 20 नवंबर को उत्तर प्रदेश में 9 सीटों पर उपचुनाव होने हैं जिनमें-कानपुर की सीसामऊ, प्रयागराज की फूलपुर, मैनपुरी की करहल, मिर्जापुर की मझवां, अंबेडकरनगर की कटेहरी, गाजियाबाद सदर, अलीगढ़ की खैर, मुरादाबाद की कुंदरकी और मुजफ्फरनगर की मीरापुर सीट शामिल है। जानकारी के मुताबिक, हाईकोर्ट में मुकदमा लंबित होने के चलते चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर में चुनाव की तारीख का एलान नहीं किया है. चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को आएंगे. इसी दिन महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा चुनाव के नतीजे भी सामने आएंगे।

## नाबालिग लड़के पर पार की जुल्म की हदें

» उल्टा लटकाया सिर के पास गर्म कोयला और मिर्च का धुआं...



**पंढुर्ना,04 नवम्बर 2024(ए)।** मध्य प्रदेश के पंढुर्ना जिले में एक नाबालिग लड़के को उल्टा लटकाने और उसके सिर के पास गर्म कोयला रखने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी.। जिसके मुताबिक घटना रविवार को जिला मुख्यालय से करीब 30 किलोमीटर दूर मोहगांव में हुई। वायरल वीडियो में एक लड़के को रस्सी से हाथ बांधकर उल्टा लटका हुआ दिखाया गया है और वह जोर-जोर से रो रहा है। बाद में उसके सिर के पास गर्म कोयले की ट्रे रखी जाती है। वीडियो में एक व्यक्ति दूसरे लड़के को बांधता हुआ भी दिखाई दे रहा है। वीडियो में लोग लड़के पर घड़ी और अन्य सामान चुराने का आरोप लगाते हुए सुनाई दे रहे हैं। मामले में पंढुर्ना के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुंदर सिंह कनेश ने बताया कि पुलिस ने इस घटना में कथित रूप से शामिल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।



## एयरफोर्स का विमान हुआ क्रैश

**आगरा,04 नवम्बर 2024(ए)।** आगरा के कागारौल के सोंगा गांव के पास एक बड़ा हादसा टल गया, जब भारतीय वायुसेना का मिग-29 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त होकर एक खेत में क्रैश लैंडिंग करते हुए आग के गोले में तब्दील हो गया। यह हादसा उस वक्त हुआ जब विमान रूटीन नाइट ट्रेनिंग के दौरान उड़ान भर रहा था। इस घटना में राहत की बात यह रही कि पायलट ने समय रहते विमान से कूदकर अपनी जान बचा ली, जिससे किसी रिहाइशी इलाके में तबाही टल गई।

## आईएएस अधिकारियों के व्हाट्सऐप ग्रूप पर विवाद

### मल्लू हिन्दू नाम से बना था समूह...

**त्रिवेन्द्रम,04 नवम्बर 2024(ए)।** केरल में आईएएस अधिकारियों के एक व्हाट्सएप ग्रूप को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। खबरों के अनुसार, मल्लू हिन्दू अधिकारियों के नाम से एक ग्रुप बनाया गया था, जिसमें केवल हिन्दू अधिकारियों को शामिल किया गया। हालांकि, जिस अधिकारी के नंबर से इस ग्रूप का निर्माण हुआ, उन्होंने दावा किया है कि उनका मोबाइल हैक कर लिया गया था। बताया जा रहा है कि यह पहली बार है जब धर्म के आधार पर एक अलग समूह बनाया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, 31 अक्टूबर को केरल कैडर के कई अधिकारी अचानक से एक नए व्हाट्सएप्प ग्रूप में जुड़ गए, जिसका नाम था मल्लू हिन्दू ऑफिसर्स। इस ग्रूप में सिर्फ हिन्दू अधिकारियों को जोड़ा गया था, और इसे आईएएस अधिकारी गोपालकृष्णन के नंबर से बनाया गया था।



## छात्रा को महंगी पड़ी फेसबुक पर दोस्ती

### परिवार को भेजना पड़ा शहर से बाहर,टेंशन में आए सब...



**मुजफ्फरपुर,04 नवम्बर 2024 (ए)।** बिहार के मुजफ्फरपुर में एक गांव की बीए की छात्रा को फेसबुक पर दोस्ती बहुत महंगी पड़ गई। शादी का ऑफर ठुकराया तो लड़के ने फेसबुक पर लड़की का फर्जी आईडी बनाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। इतना ही नहीं पीछा छोड़ने के लिए 5 लाख की रंगदारी मांगी है। छात्रा मुजफ्फरपुर के बोचहां प्रखंड के एक गांव की रहने वाली है। छात्रा की मां के बयान पर एफआईआर दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई शुरूकर दिया है। परिवार वालों ने डर के मारे लड़की को बिहार से बाहर भेज दिया है। आरोपी लड़की के पिता और भाई को जान मारने की धमकी दी है। लड़की की मां ने रविवार को थाना में सीतामढ़ी के परिहार के महावीर कुमार के खिलाफ आवेदन दिया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि उनके पति दिल्ली में मछली का कारोबार करते हैं। बेटा बंगाल में मजदूरी करता है। घर में कोई मेल मेंबर नहीं रहने के कारण परिवार में खौफ का माहौल बना हुआ है। लड़का इसी बात का फायदा उठा रहा है। लड़की की मां द्वारा पुलिस को दिए गए आवेदन के मुताबिक फेसबुक पर दोस्ती के बाद महावीर कुमार ने लड़की के साथ शादी करने का ऑफर दिया। बेटी ने ऑफर ठुकराया तो युवक उग्र हो गया। युवक घर तक आकर परेशान न करे, इसलिए बेटी को पिता के साथ दिल्ली भेज दिया। अब वह पति और बेटे को कॉल कर गालियां और धमकी दे रहा है और पीछा छोड़ने के लिए पांच लाख की रंगदारी की मांग कर रहा है।

## बच्चों में डिप्रेशन का कारण बन रहा मोबाइल

### एम्स के शोध में हुआ खुलासा...

**भोपाल,04 नवम्बर 2024 (ए)।** एम्स में हाल ही में हुए एक शोध में पाया गया है कि किशोर अवस्था में सबसे अधिक मानसिक तनाव की स्थिति रहती है। जिसके पीछे का मुख्य कारण फोन का अधिक इस्तेमाल, अकेलापन, सोशल मीडिया, पढ़ाई का तनाव, बाहर का खाना पीना, कम शारीरिक गतिविधियां, बुलिंग या साइबर बुलिंग और पारिवारिक तनाव है। कोरोनाकाल के बाद 13-19 साल के उम्र के बच्चों में तनाव की स्थिति ज्यादा देखने मिलती है। जिसका प्रभाव ये है कि बच्चों में चिंता, डिप्रेशन, तनाव और अन्य मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। इन समस्याओं के चलते बच्चे सामाजिक गतिविधियों से दूर हो रहे हैं और उनका आत्मविश्वास भी गिर रहा है।



### बच्चों को करें प्रेरित

मनोवैज्ञानिक डॉ. आशीष पाखरे के अनुसार बच्चों में डिप्रेशन के लक्षणों को पहचान कर समय पर उपाय करने की जरूरत है। ऐसे में बच्चों को समझें, उनकी बात सुने और उन्हें यह विश्वास दिलाएं कि वे किसी भी परिस्थिति में अकेले नहीं हैं। घर में ऐसा माहौल बनाएं जहां बच्चे बिना डर के अपनी भावनाओं को व्यक्त कर सकें। बच्चों को नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, और अच्छी नींद की आदतें सिखाएं।

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना | लेख एवं विचार अभिव्यक्ति | अम्बिकापुर, मंगलवार 05 नवम्बर 2024



## संपादकीय

### भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति... एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण

***के. कस्तूरीरंगन*** समिति द्वारा अनुशंसित राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की शुरूआत के साथ भारत का शिक्षा परिदृश्य एक महत्वपूर्ण परिवर्तन से गुजर रहा है। जुलाई 2020 में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा अनुमोदित इस ऐतिहासिक नीति का उद्देश्य प्रारंभिक बचपन से लेकर उच्च शिक्षा तक सीखने में समावेशिता, गुणवत्ता और प्रासंगिकता सुनिश्चित करते हुए देश की शिक्षा प्रणाली में क्रांतिकारी बदलाव लाना है। इस व्यापक गाइड में, हम एनईपी 2020 की मुख्य विशेषताओं और निहितार्थों पर प्रकाश डालेंगे,और भारत में शिक्षा के भविष्य को आकार देने की इसकी क्षमता की खोज करेंगे। एनईपी कब लागू होगी? एनईपी को 2023-2024 शैक्षणिक वर्ष के दौरान लागू किया जाना शुरू हुआ। इसे भारत के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा लागू किया जाएगा। इससे क्या बदलाव आएगा? एनईपी ने विभिन्न बदलाव लाए, जिनमें पाठ्यक्रम में अपडेट, ग्रेड संरचना में संशोधन और भारतीय शैक्षिक प्रणाली के कामकाज में मूलभूत परिवर्तन शामिल हैं। एनईपी का लक्ष्य क्या हासिल करना है? एनईपी का लक्ष्य कई प्रवेश/निकास विकल्पों के साथ एक समग्र बहु-विषयक शिक्षा बनाना है जो शिक्षार्थियों के बीच रचनात्मकता और तर्कसंगत सोच को बढ़ावा देता है। क्या एनईपी परीक्षाओं को पूरी तरह खत्म कर देता है, या उन्हें नया स्वरूप देता है? जबकि कक्षा 10 और 12 की बोर्ड परीक्षाएं जारी रहेंगी,कोचिंग कक्षाओं की आवश्यकता को कम करने के लिए उन्हें फिर से डिज़ाइन किया जाएगा। छात्र अपनी रुचि के आधार पर विषयों का चयन कर सकते हैं, और परीक्षा याद रखने के बजाय मुख्य कौशल पर केंद्रित होगी। परीक्षाएं भी आसान होंगी, जिससे सभी छात्र बुनियादी प्रयास से उत्तीर्ण हो सकेंगे। इसके अतिरिक्त, आवश्यकता पड़ने पर छात्र सुधार के लिए वर्ष में दो बार परीक्षा दे सकते हैं। अब, आइए राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर करीब से नज़र डालें। यह व्यापक विश्लेषण आपके सभी प्रश्नों का समाधान करेगा और एनईपी में अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। एनईपी 2020 की नींव समावेशी और न्यायसंगत शिक्षा समावेशी शिक्षा पर एनईपी का ध्यान सतत विकास लक्ष्य 4 के अनुरूप है, जिसका उद्देश्य 2030 तक सभी के लिए समावेशी और समान गुणवत्ता वाली शिक्षा सुनिश्चित करना है। इसका उद्देश्य सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि या क्षमताओं के बावजूद, सभी शिक्षार्थियों की विविध आवश्यकताओं को पूरा करना है। एनईपी हाशिए पर रहने वाले समुदायों, जैसे कि लड़कियों और विकलांग बच्चों, को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के महत्व पर जोर देती है। गुणवत्ता और प्रासंगिकता 21वीं सदी की जरूरतों के अनुरूप शिक्षा प्रदान करने, आलोचनात्मक सोच और रचनात्मकता को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

# राज्य के विकास की नब्ज पर भाजपा की साय सरकार की मजबूत पकड़

छत्तीसगढ़ के नीति निर्धारकों को दो कारकों पर विशेष ध्यान रखना पड़ता है एक तो यहां की आदिवासी बहुल आबादी और दूसरी यहां की कृषि प्रधान अर्थव्यस्था। राज्य की नीतियां तय करते समय इन दोनों की अनदेखी नहीं की जा सकती, दोनों को ही बराबर महत्व देना पड़ता है। हाल ही में केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह ने छत्तीसगढ़ सहित देश में माओवादी आतंक के खात्मे के प्रति केन्द्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया है। केन्द्र के इस फैसले ने राज्य को समृद्धि के रास्ते में आगे जाने के संकल्प को और मजबूती दी है।

छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार बनते ही यहां मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकसित भारत और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को लेकर काम करना शुरू कर दिया है। लगभग तीन करोड़ की आबादी वाला यह राज्य आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण में योगदान दे रहा है। साय सरकार ने छत्तीसगढ़ की बागडोर संभालते ही राज्य के विकास की दिशा को तय करने वाले दो प्रमुख कारकों आदिवासी समुदाय और किसान दोनों पर शुरू से ही ध्यान दिया है। राज्य में लोगों को स्वच्छ और पारदर्शी प्रशासन के वायदे को लेकर आयी साय सरकार आई.टी. और ए.आई आधारित प्रणाली को पूरी प्रतिबद्धता के साथ अपनाना शुरू कर दिया है।

राज्य में कृषक उन्नति योजना खेती-किसानी के लिए एक नया संबल बनी है। इसके चलते कृषि समृद्ध और किसान खुशहाल हुए हैं। राज्य में खेती-किसानी को नई ऊर्जा मिली है। राज्य में उन्नत खेती को बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार के किसान हितैषी फसलों का असर अब खेती-किसानी में साफ दिखाई देने लगा है। उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग खेती-किसानी में बढ़ा है। बीते खरीफ विपणन वर्ष में किसानों से 145 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर खरीदा गया है, जिसके एवज में 32 हजार करोड़ रूपए भुगतान किया गया है। छत्तीसगढ़ सरकार ने अपने संकल्प के अनुरूप राज्य के किसानों को दो साल के धान की बकाया बोनस राशि 3716 करोड़ रूपए का भुगतान किया। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत किसानों को धान की मूल्य की अंतर राशि के रूप में 13 हजार 320 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया है। इस तरह किसानों को कुल मिलाकर 49 हजार करोड़ रूपए सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित किए गए।




छत्तीसगढ़ में किसानों से धान खरीदी शुरू से ही चुनौतीपूर्ण रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार ने समर्थन मूल्य पर 14 नवम्बर से धान खरीदी करने जा रही है। धान उपार्जन केन्द्रों में छत्तीसगढ़ सरकार के दिशा-निर्देश के मुताबिक सभी तैयारियां की जा रही है। इस साल राज्य में बेहतर बारिश एवं अनुकूल मौसम के चलते धान के विपुल उत्पादन की उम्मीद है। इसको देखते हुए राज्य में समर्थन मूल्य पर 160 लाख मीटरिक टन धान उपार्जन अनुमानित है। राज्य में किसानों से 31 जनवरी 2025 तक धान की खरीदी की जाएगी।

राज्य के किसानों को खेती-किसानी के लिए वर्तमान खरीफ सीजन में 6500 करोड़ रूपए के अल्पकालीन ऋण बिना ब्याज के दिए जा चुके हैं। अधिक से अधिक किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां के किसान अब ई-नाम पोर्टल (कृषि बाजार) के माध्यम से अपने उपज का अधिकतम मूल्य प्राप्त कर सकेंगे। किसानों के हित में छत्तीसगढ़ सरकार ने एक महत्वपूर्ण फैसला लेते हुए छत्तीसगढ़ कृषि उपज मंडी अधिनियम में संशोधन किया है। इसके तहत अन्य प्रदेश के मंडी बोर्ड अथवा समिति के एकल पंजीयन अथवा अनुज्ञप्तिधारी व्यापारी एवं प्रसंस्करणकर्ता, राज्य के किसानों से उनकी उपज खरीद सकेंगे, इससे उत्पादक किसानों को लाभ होगा। किसानों को उन्हें पंजीयन की जरूरत नहीं होगी। राज्य के बस्तर और अन्य हिस्सों में माओवादी आतंक को समाप्त करने के लिए सख्ती से कदम उठाए गए हैं। इसमें केन्द्र और राज्य सरकार आपसी तालमेल बनाए हुए हैं। माओवादी आतंक भी अब कुछ ही क्षेत्रों में सिमट कर रह गया है। यहां नियद नेल्लानार जैसी नवाचारी योजना से लोगों का सरकार के प्रति फिर से विश्वास लौट रहा है। माओवादी आतंक से प्रभावित क्षेत्रों में सुरक्षा कैम्प के आस-पास के दायरे में लोगों की मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ केन्द्र और राज्य सरकार के शासकीय योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा हैं। माओवादी आतंक से प्रभावित जिलों में युवाओं को तकनीकी व्यवासायिक पाठ्यक्रम में पढ़ाई के लिए ब्याज मुक्त ऋष्ण की सुविधा दी जा रही हैं। इस पहल से आदिवासी समुदाय की युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। वनवासियों की आय बढ़ाने के लिए वनोपज के संग्रहण और प्रसंस्करण पर सरकार विशेष ध्यान दे रही हैं। लघु वनोपज की खरीदी समर्थन मूल्य पर हो रही है। इन लघु वनोपजों का वनधन केन्द्रों में प्रसंस्करण भी किया जा रहा है। वनवासियों को तेन्दूपत्ता पारिश्रमिक भी बढ़ाकर 5500 रूपए प्रति मानक बोरा किया गया है। महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए महतारी वंदन योजना में 70 लाख महिलाओं को हर महीने एक-एक हजार रूपए की राशि उनके बैंक खाते में सीधे अंतरित की जा रही है। अब तक इसकी नौ किस्त जारी की जा चुकी है। प्रदेश में नई शिक्षा नीति भी लागू कर दी गई है। राज्य में मातृभाषा में बच्चों को शिक्षा देने के लिए नए पाठ्यक्रम तैयार किए जा रहे हैं। जनजातीय समुदाय के बच्चों के लिए बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए 75 एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। माओवादी प्रभावित क्षेत्र के बच्चों के लिए 15 प्रयास आवासीय विद्यालय का संचालन किया जा रहा है। इन विद्यालयों में मेधावी विद्यार्थियों को अखिल भारतीय मेडिकल और इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही हैं। नई दिल्ली में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी के लिए संचालित यूथ हॉस्टल में सीटों की संख्या 50 से बढ़ाकर 185 कर दी गई है।

-पवन गुप्ता-

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## लोक आस्था का महा पर्व-छठ व्रत




लाल बिहारी लाल
नई दिल्ली



**छठ मईया की महिमा,जाने सकल जहान।**
**लाल पावे जे पूजे,सदा करी कल्याण।।**

सृष्टी की देवी प्रकृति नें खुद को 6 भागों में बांट रखा है। इनके छठे अंश को मातृदेवी के रुप में पूजा जाता है। ये ब्रम्हा की मानस पुत्री हैं। छठ व्रत यानी इनकी पूजा कार्तिक मास में आमवस्या के दीपावली के छठे दिन मनाया जाता है इसलिए इसका नाम छठ पर्व पड़ गया। छठ व्रत भगवान सूर्यदेव को समर्पित एक हिंदुओं का विशेष पर्व है। भगवान सूर्यदेव के शक्तियों के मुख्य स्त्रोत उनकी पत्नी उषा और प्रत्यूषा है। यह पर्व उतर भारत के कई हिस्सों में खासकर यू.पी.झारखंड और बिहार में तो महापर्व के रुप में मनाया जाता है। शुद्धता,स्वच्छता और पवित्रता के साथ मनाया जानेवाल यह पर्व आदिकाल से मनाया जा रहा है। छठ व्रत में छठी माता की पूजा होती है औरउनसे संतान व परिवार की रक्षा का वर मांगा जाता है। ऐसी मान्यता है कि जो भी सच्चे मन से छठ मैया का व्रत करता है। उसे संतान सुख के साथ-साथ मनोवांछित फल जरुर प्राप्त होता है। प्रायः हिदुओं द्वारा मनाये जाने वाले इस पर्व के इस्लाम और अन्य धर्मावलम्बी भी मनाते देखे गये हैं। यह पर्व हर वर्ष चैत एवं कार्तिक महिने में मनाया जाता है जिसे क्रमशः चैती छठ एवं कार्तिकी छठ कहते हैं। कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष में दीवाली के चौथे दिन से शुरु होकर सातवें दिन तक कुल 4 दिनों तक मानाया जाता है। इसमें पहले दिन यानी चतुर्थी को घर्बार साफ सुथरा करके स्नान करने के बाद खाना में चावल तथा चने दाल तथा लौकी का सादा सब्जी बनाया जाता है फिर खाया जाता है जिसे नहा खाये कहते है। अगले दिन संध्या में पंचमी के दिन खरना यानी के गुड़ में चावल का खीर बनाया।

## छठ महापर्व



-चन्दन केशरी-
झाझा,जमुई, बिहार)



आज मैं बात कर रहा हूँ छठ पूजा की। यह हमारे लिए केवल एक पर्व नहीं बल्कि महापर्व है। यह त्योहार हमारे यहाँ की संस्कृति एवं संस्कार को प्रदर्शित करता है। इस महापर्व के कण-कण में जितनी शुद्धता है वह किसी अन्य पर्व में नहीं मिलती। छठी मैया सूर्यदेव की बहन और ब्रह्मदेव की मानस पुत्री हैं; जिनका आशीष हमपर सदैव बना रहता है।

इस महापर्व में सबसे मुख्य सामग्रियों में से एक सूप डोम से खरीदना छुआछूत का न सिर्फ विरोध करता है बल्कि यह हमारे यहाँ के सद्भाव को भी दर्शाता है। एक तरफ सूरज को दुनिया सिर्फ उगते हुए पूजती है और यह भाव प्रकट करती है कि दुनिया केवल आपकी उन्नति में ही साथ है और अवनति में याद तक नहीं करती, वहीं दूसरी ओर हम उगते हुए सूरज के साथ-साथ डूबते हुए सूरज को भी पूजकर यह संदेश देते हैं कि हर परिस्थिति में हम एक-दूसरे का साथ नहीं छोड़ते हैं।

छठ पूजा हो और शारदा सिन्हा जी के गीत न गाए जाएँ, ऐसा तो हो ही नहीं सकता। छठ पूजा के कई दिनों पहले से ही उनके गीत हमारे मन को सुकून देने लगते हैं और याद दिलाते हैं कि छठ महापर्व आ रहा है। ऐसा लगता है कि स्वयं छठी मईया ने ही उन्हें इस कार्य के लिए बनाया हो। हमारे यहाँ अन्य किसी भी पर्व पर लोग घर आएँ या न आएँ, लेकिन छठ पूजा पर घर आना निश्चित है। ट्रेन में चाहे कितनी भी भीड़ हो, दिक्कत चाहे कितनी भी आए; लेकिन छठी मईया अपने भक्तों को घर बुला ही लेती हैं। चार दिनों के इस महापर्व की प्रतीक्षा हम पूरे वर्ष करते हैं। छठ पूजा के प्रथम दिन नहाय-खाय कहलाता है, जिसमें कद्दू-भात के प्रसाद का महत्व है। दूसरे दिन को लोहंडा या खरना कहते हैं, जिसमें व्रतियाँ पूरे दिन उपवास में रहकर शाम को खीर या रसिया का प्रसाद बनाकर छठी मईया से प्रार्थना कर ग्रहण करती हैं। इस रसिया का प्रसाद इस पर्व के अलावा अन्य किसी पर्व में नहीं मिलता। इसके बाद शुरू होता है छत्तीस घंटे का निर्जला उपवास। तीसरे दिन को डूबते सूर्य को अर्घ देने हम सपरिवार निकल पड़ते हैं छठ घाट की ओर। माथे पर दऊरा उठाकर घाट पहुँचाने की परंपरा हमें एक अलग उत्साह से भर देती है। चौथे दिन सूर्योदय से पहले छठ घाटों का मनोरम दृश्य देखते ही बनता है, और ऐसा लगता है कि छठ व्रतियों के साथ-साथ धरती का कण-कण प्रतीक्षा कर रहा हो सूर्यदेव के उदित होने की। सूर्यदेव को अर्घ देने का न केवल धार्मिक बल्कि बल्कि वैज्ञानिक महत्व भी है, जिससे शरीर की रोग प्रतिरोधात्मक शक्ति में भी वृद्धि होती है। सूर्यदेव को अर्घ देने के बाद अब बारी आती है छठ के महाप्रसाद की। महाप्रसाद के रूप में फलों के साथ-साथ ठेकुआ का प्रसाद पाना मन को तृप्त करता है। यह ठेकुआ हमारे लिए एक भाव है, उत्साह है, सुकून है और हमारी संस्कृति का एक अभिन्न अंग है।

श्रद्धा के साथ छठी मईया से जो भी माँगा जाए, वह जरूर देती हैं। इसलिए आज यह बिहार, झारखण्ड, उत्तर प्रदेश और भारत के अन्य राज्यों के साथ-साथ अन्य कई देशों में भी मनाया जाने लगा है।

## पके धान के खेत का स्वाद और सौंदर्य



प्रमोद दीक्षित मलय
बांदा, उत्तर प्रदेश



हविष्यान्न में परिगणित धान (चावल) देवताओं के भोग-प्रसाद का अनिवार्य घटक है तो यज्ञ अनुष्ठान के ऋत्विज और होता के आहार का हिस्सा भी। यज्ञवेदी में अग्निदेव को समर्पित हवन समिधा में अक्षत, तिल और जौ का सहभागी है तो अतिथि-अभ्यागत के स्वागत सत्कार में प्रयुक्त रोली, चंदन, हल्दी का अभिन्न मीत भी। आमजन की दैनंदिन क्षुधापूर्ति का सहज साधन है तो पशु-पखेरू का प्रिय भी। धान स्नेह, सम्मान एवं आदर का प्रतीक है और सात्विक प्रेम का प्रकटीकरण भी। तभी तो बालसखा द्वारकाधीश श्रीकृष्ण को सुदामा चावल भेंट करते हैं। यह चावल अर्थात् धान सामाजिक समरसता का द्योतक है और सद्भाव की निर्मल प्रेमधारा का प्रतिबिम्ब भी। नववधु की पाक-कला का परीक्षण खिचड़ी रांधने से ही होता है और रोगी का पथ्य भी खिचड़ी ही है, जिसमें चावल की प्रतिष्ठा लोक प्रशंसित है। धान वैदिक साहित्य में यव (जौ) के साथ धान्य के रूप में महिमामंडित है। वास्तव में धान लोक की श्रम साधना की पराकाष्ठा है, कृषि कर्म का कंचन किरीट है। धान रोपती औरतें दरअसल वसुधा के आर्द्र हृदय पटल में जीवन का संगीत रोपती हैं, स्वप्नों का सुखद संसार रचती हैं। वे भूख से मुक्ति का छंद लिखती हैं और घर-खलिहान की समृद्धि की पगडंडी बुनती हैं। घुटनों तक कीचड़ में धंसी औरतें नीले वितान के नीचे धान के शिशु रोपती हैं, प्रौढ़ होते ही जिनके ललाट पर काल पुरुष स्वर्णिम आभामय दानों का तिलक कर देता है। लोक के लिए धान प्राण हैं, जीवन का आधार हैं तभी तो कवि केदारनाथ सिंह कहते हैं, धन उगेंगे कि प्रान उगेंगे/उगेंगे हमारे खेत में/ आना जी, बादल जरूर। धान परम पावन है, तभी तो विवाह मंडप में कन्या पक्ष द्वारा लावा (भुना धान) परसा जाता है और विदाई में कन्या सूप में रखे चावल अपने सिर से पीछे की ओर बिखेरती पितृ-सदन की सुख-समृद्धि की कामना करती है।

पके धान के खेतों का सौंदर्य लुभाता है, निकट बुलाता है। हरित-पीत तन पर सूर्य रश्मियां पड़ते ही मानो पूरे खेत पर आसमान से सुनहरी चादर उतर आती है। मीठे दूधियां दानों का स्वाद चखने गौरैया-तोते मंड़राने लगते हैं। धान के फूलों और कच्ची हरी बालियों का रसपान करती मधुमक्खियां सुनहरी चादर पर गुंथी लाल-भूरी मणियां प्रतीत होती हैं और भौंरों की मधुर मृदुल गुनगुनाहट संगीत का स्वर साधते साधक का मनमोहक आलाप का आभास देती है। क्षितिज पर नीला अम्बर मानो पीत वसना वसुधंरा के कपोल पर अपने प्रेम का अंकन कर रहा है। दूर-दूर तक फैले कच्चे-पके हरे-पीले धान के खेत मन मोहते हैं, पथिकों का चित्त चुराते हैं। लगता है कि मानो कृषक के स्वागत में प्रकृति ने बहुरंगी कालीन बिछा दिया हो। मेड़ों पर उगी हरी अरहर, ज्वार-बाजरा के भुट्टे, मूंग-उरद की अंगुलियों सी लम्बी-पतली फलियां प्रकृति सुंदरी की पीली साड़ी के किनारी पर टंके बेल-बूटे ही प्रतीत होते हैं तो बीच खेत में खड़े आम-महुआ के वृक्ष और उनमें बसे पक्षी वृंद साड़ी के मध्य में चित्र सा उभर आते हैं। यह लोक का अनिंद्य सौंदर्य है जिसे लख नयन तृप्त हो जाते हैं और अतृप्त भी। यह अतृप्ति नया रचने-गुनने की प्रेरणा है, स्वीकृति है।


वर्षों बाद दीपावली पर गांव जाना हुआ है। पिछले दो दिन से घर-परिवार और गांव वालों से गले मिले, सुख-दुख बांटे। अमावस की गहरी अंधेरी रात दीपों से जगमगा रही है, पटाखों की कर्कश ध्वनि से छह महीने का पालतू कुत्ता रह-रहकर मुन्नू भौंकने लगता है और एक पखवारा पहले जन्मी बछिया कान खड़े कर रंभाने लगती है। यह त्योहार का व्यवहार उनके लिए पहला अनुभव है। सियार-लोमड़ी की आवाजें आज कहीं खोई-सोई सी हैं। ऐसी उजालों भरी रात में मेरे मन में एक सन्नाटा पसरा है। एक खालीपन है। कोई सवाल अदहन सा खदबदा रहा है। लगता है कोई बुला रहा। कोई है जो मन की डोर को हौले-हौले अपनी ओर खींच रहा है। कौन है वह, और सहसा जैसे समाधान मिल गया। अरे! ये तो अपने पके धान के महमहाते खेत है जो मन के द्वार पर दस्तक दे रहे थे, मिलने को लालायित, आतुर और उत्सुक। मस्तिष्क में अब शांति है और भोर में ही खेतों की ओर जाने का स्वप्न उगने लगा है। अटारी के बाहर झांक कर देखता हूं, रात बूढ़ी हो गयी है, रात का कालापन सिलेटी होने लगा है। पूरब के नीलेपन में लालिमा पसरने लगी है और धीरे-धीरे धानी रंग फलक पर चढ़ने लगा है। बहुत दूर आकाश में एक केसरिया लाल गोला चेहरा नीले वस्त्रों के बीच उभरने लगा है। चिड़ियां घोंसले छोड़ खेतों की ओर उड़ चली हैं और मैं भी। मेरे हाथ में लाठी है और कदम खेतों की ओर बढ़े जा रहे हैं, मुन्नू भी पीछे लग गया है। अरे, इतना जल्दी खेतों के मध्य आ खड़ा हुआ हूं, किंतु किंकर्तव्यविमूढ़ हूं। किधर जाऊं, किससे पहले मिलूं, धान के खेत मेरी बांह पकड़े अपनी ओर खींच रहे हैं। साथ चल रहे बटाईदार काका हाथ के इशारे से बता रहे हैं कि इस खेत में मुसकन है, इसमें सोनम, उसमें शरबती तो पीपल के नीचे वाले में डंकल की नयी किसिम। पर कहीं धान की महक नहीं है। यूरिया, डीएपी एवं जिंक उर्वरक धानों की सुगंध और स्वाद को लील गये हैं। खेतों से गुजर रहा हूं। हरी घास के कोमल कालीन पर टंके मोती चहलकदमी से टूट-बिखर रहे हैं। अरुण रश्मियां इन मोतियों के अंदर इंद्रधनुष रच रही है। मैं लपककर तर्जनी में ओस की एक बूंद उठा लेता हूं। इंद्रधन्वा मेरी अंगुली की पोर पर झिलमिलाने लगा है और स्मृतियों में मेरे सामने बचपन के सुगंध बिखेरते खेत लहलहाने लगे हैं। लगभग 35-40 वर्ष पहले धान की फसलों में विविधता थी। दुधराज, भैंसलोट, मुसकन, लोचई, काला सुदास, तुलसी भोग, काला नमक, विष्णु भोग, नागकेसर, गांजाकली, करगा, बांसमुखी, गल्हरी आदि धान मेंड़ से गुजरने पर केवल सुगंध से पहचान में आ जाते थे। पर अब ये लुप्तप्राय हैं। उर्वरक और कीटनाशकों का प्रयोग बिल्कुल नहीं था। गोबर की देशी खाद से खेत उपजाऊ और जल धारण में समर्थ थे। खेत में मकड़ी बहुत थीं और जाले भी, उन जालों में कीट फंसते तो मकडयों और चिड़ियों का आहार बनते। हर धान का अपना गुण-धर्म था और पकने का निश्चित समय भी। अगैती पकने वाली किस्में दीपावली तक पक जातीं और किसान सहेदा काटकर पछार लेता। पशुओं को हरा मुलायम चारा मिलता और घर-आंगन में धान सूखने को फैलने लगता। मिट्टी के कोनैता में सूखे धान दर कर बगरी बना महिलाएं आंगन के कोने में गड़ी कांड़ी में मूसल से बगरी कूट-फटक भूसी-कना निकाल मीठे भूरे मटमैले चावल की गुलाथी पकातीं। दूध के साथ खाने में बहुत मीठा लगता। तब मेहमान केवल गुलाथी खाने के लिए चार-पांच दिन ठहरे रहते। दूध-गुलाथी खाये बिना वर्षों गुजर गये हैं किंतु स्वाद जिव्हा पर बसा हुआ है। अचानक मेरा स्वप्न टूटा, देखा कि धान के खेत से एक जंगली बिल्ली निकली और मेरे सामने से एक चूहा दबोच दूसरे खेत के धान बीच घुस गयी। तभी मुझे धान के बीजों को बचाने के लिए काम कर रहे पद्मश्री बाबूलाल दाहिया (सतना, म.प्र.) स्मरण आये, वे जानकारी देते हैं, आजादी से पहले धान की एक लाख दस हजार किस्में थीं, किंतु अब मुश्किल से आठ हजार ही बची हैं और उनमें भी हर वर्ष कुछ किस्में मर रही हैं। मेरे पास दो सौ प्रकार के धान बीज उपलब्ध हैं। मैं वर्तमान में सुगंध-स्वाद हीन धान के खेतों के बीच खड़ा सोच रहा हूं कि इस प्रगति के नाम पर क्या-क्या खो दिया है। दूर तक फैले एक ही किस्म के धान के खेत मुझे नीरस, स्पंदनहीन और अनाकर्षक दिख रहे थे। अब गांवों में कोनैता नहीं दिखते, शाम को बगरी कूटती औरतों के श्रमगीतों के स्वरों की श्वास थम गयी हैं। दूध-गुलाथी की थाली मुझसे दूर जाती दिख रही है पर मुंह में गुलाथी की मिठास घुलने लगी है।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कविता
### सड़क दुर्घटना



घटती-घटना
कृष्णा चौहान
सारंगढ़,बिलाईगढ़ छत्तीसगढ़



हर दिन सड़क,
दुर्घटना होता रहता हैं!
फिर भी लोंग,
गाड़ी स्पीड से चलाते हैं!
हमारी एक गलती से ,
बहुत नुकसान होता हैं!
इसमें न जाने,
कौन क्या क्या खो देता हैं!
गाड़ी चलाते समय,
सावधानी बरतना हैं!
ट्रैफिक के नियमों का,
हमें पालन करना हैं!
नशे से दुर रहना हैं,
हेल्मेंट का प्रयोग करना हैं!
संकेतों को देखकर,
सडक पार करना हैं!

## कविता
### भुईयां ह जम्मो सिरावत हे



घटती-घटना
अशोक पटेल आशु
शिवरीनारायण, छत्तीसगढ़

भर्री,भाठा,धरसा,सरार,अउ परिया सिरावत हे
शहरीकरण के सुरसा म,भुईंया हर लीलावत हे।
जनसंख्या के बढ़ाई म,भुईंया कम होत जात हे
जिनगी हर कईसे होही,सोंच के मन घबरात हे।
अंधाधून रुखराई के, कटाई म जंगल नंदावत हे
जंगल के जीव-जनावर ह,भूख म कलबलात हे।
नदिया,नरवा दिनों-दिन, परिया होवत जावत हे
भुईंया के बरदान म करिया बादर हर मंडरात हे।
खेत-खार,के धान-पान हर अब घटते जावत हे
बखरी-बारी के साग-भाजी हर घलो नंदावत हे।
बड़े-बड़े, कल-कारखाना,रोज, खुलत जावत हे
हवा,पानी महुरागे,भुईंया के भेंट चढ़त जात हे।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

C M Y K

# कांग्रेसी अपराध को जन्म देते हैं,षड्यंत्र रचते हैं और फिर सरकार को घेरते हैं...


**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,04 नवम्बर 2024**
**(घटती-घटना)।**

अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने कांग्रेस पर प्रदेश में अशांति और अराजकता फैलाने के लिए षड्यंत्र करने का आरोप लगाया है। उन्होंने सोमवार को संकल्प भवन प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसके जड़ में कांग्रेस है। कांग्रेस और कांग्रेस के लोग जान बूझ कर छत्तीसगढ़ को आग में झोंक कर सरकार को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए पहले खुद अपराध को जन्म देते हैं, षड्यंत्र रचते हैं और फिर उस पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह की गतिविधि कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय साज़िश के तहत हो रहा है, कांग्रेसियों का मंसूबा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो तथा भय और अपराध का वातावरण निर्मित करो। छत्तीसगढ़ में भी हर आतंक और अपराध के पीछे कांग्रेस का ही खूनी पंजा है। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में मिली करारी हार और छत्तीसगढ़ समेत तमाम राज्यों में हुए सफ़ाये से अब जनता के प्रति बदले की भावना से भरी हुई है। वह समाज में अशांति फैलाने का काम कर रही है।कांग्रेसियों द्वारा कारित अपराध एवं षड्यंत्रों पर प्रकाश डालते हुए विधायक राजेश ने बताया कि अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं समूचे प्रदेश के आस्था के केंद्र में हमला करने वाला कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है और इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है, प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि




साहब का स्पष्ट आरोप है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाय, कम है। इसी तरह बलौदाबाजार में योजनाबद्ध तरीके से कलेक्टर और एसपी कार्यालय जलाये गये जहां इस प्रकरण में कांग्रेस के विधायक देवेंद्र यादव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी जेल में बंद हैं। महीनों बाद भी किसी अदालत ने इन्हें अगर जमानत देने लायक भी नहीं पाया है। सूरजपुर में पुलिस अधिकारी की पत्नी और बच्चे की जघन्य हत्या का ज़िक्र करते हुए श्री अग्रवाल ने कहा कि हत्या करने वाला एनएसयूआई का ज़िला महासचिव था तथा एनएसयूआई का जिलाध्यक्ष भी इस घृणित कृत्य में शामिल रहा। लोहारीडीह कांड में भी बार बार गाँव में अशांति फैलाने और दो समूहों को लड़वाने का काम कांग्रेस कर रही है। यही नहीं केशकाल में युवा कांग्रेस का ब्लॉक उपाध्यक्ष 500 रुपये के लाखों के नक़ली नोट के साथ पुलिस के गिरफ्त में है। कांग्रेस के नेता और उनसे संबंधित अधिकारियों पर कोयला घोटाला, शराब घोटाला, पीएससी घोटाला,महादेव घोटाला आदि के आरोप हैं। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ललन प्रताप सिंह, पार्षद आलोक दुबे, ज़िला सह संवाद प्रमुख रुपेश दुबे, संजीव वर्मा, जितेंद्र सोनी व अन्य लोग मौजूद थे। उन्होंने षड्यंत्र में लिप्त कांग्रेस को सुधर जाने की नसीहत देते हुए कि इनके कृत्यों को छत्तीसगढ़ क़तई सहन नहीं करेगा। भाजपा की हमारी सरकार तो प्रदेश में हर क़ीमत पर शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए कटिबद्ध है ही, हमारा संगठन भी लोकतांत्रिक तरीक़े से कांग्रेस का मुक़ाबला करने तैयार है। भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा कांग्रेस की आपराधिक कृत्य के विरोध में सभी ज़िला मुख्यालय में पुतला दहन किया जायेगा। कांग्रेस को स्पष्ट चेतावनी दी जा रही है कि वह अपने कृत्यों से बाज आये, अन्यथा उससे हर स्तर पर दो-दो हाथ करने भाजपा के कार्यकर्ता तैयार हैं। कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग में अपना हाथ सेंकने की छूट हम बिल्कुल नहीं दे सकते।

# मारपीट कर बदमाशों ने पार्षद के घर पर किया हमला,तीन गिरफ्तार





**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 नवम्बर 2024**
**(घटती-घटना)।**

मायापुर स्थित वार्ड क्रमांक 22 के कांग्रेस पार्षद सतीश बारी के साथ बदमाशों ने मारपीट की। इसके बाद उसके घर पर भी हमला कर दिया। बदमाशों ने घर के खिड़की-दरवाजे को तोफोड़ किया है। घटना सीसीटीवी में कैद भी हुई है। जिसका वीडिया वायरल हो रहा है। पार्षद की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों का जुलूस निकालकर कोर्ट ले गई। ताकि बदमाशों के बीच पुलिस का खौफ बना रहे।

शहर के मायापुर निवासी सतीश बारी वार्ड क्रमांक 22 का पाषर्द है। रविवार की रात को मोहल्ले के गणेश उर्फ गोलू नशे में धुत होकर पार्षद के घर पहुंचा और कहा कि मेरा किसी से विवाद हो गया है। आप मेरे साथ चलिए। पार्षद उसके साथ जाने से इंकार कर दिया। इससे नाराज होकर पार्षद के साथ गाली गलौज करने लगा। इसके बाद पार्षद थाना पहुंचकर गणेश के खिलाफ शिकायत दर्ज करा रहा था। तभी गणेश अपने दो दर्जन से अधिक युवकों के साथ पार्षद के घर पर हमला कर दिया। सभी लाठी डंडे व तलवार से लैस थे। बदमाशों ने पार्षद के घर के दरवाजे, खिड़की को तोड़फ़ोड किया है। घर पर हमले की जानकारी मिलने पर पार्षद वापस आया और डरे सहमे अपने परिवार को शांत कराया। इसके बाद पुनः बड़ी संख्या में कांग्रेसी कोतवाली पहुंचे और पार्षद के घर हमले की निंदा की और तत्काल कार्रवाई की मांग की। पार्षद की रिपोर्ट पर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में गणेश कोरवा उर्फ गोलू, प्रभू साहू व रितेश पांडेय शामिल है। पुलिस ने इनके खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 191 (3), 191 (1), 296, 351 (3), 115 (2), 324 (2) के तहत कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है। वहीं कोतवाली प्रभारी मनीष सिंह परिहार ने बताया कि फुटेज के आधार पर अन्य आरोपियों की पहचान की जा रही है। उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

## आरोपियों का निकाला गया जुलूस

पार्षद के साथ मारपीट व गाली गलौज करने व घर पर तोडफ़ोड़ करने के मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों को कोतवाली से जुलूस की शक्ल में लेकर कोर्ट पहुंची। ताकि बदमाशों के बीच पुलिस का खौफ बना रहे और लोग इनसे न डरें। वहीं आरोपी बोल रहे थे कि अब हम गुण्डागर्दी नहीं करेंगे।



# छठ पूजा के लिए घुनघुट्टा में बनाए गए हैं 21 सौ घाट

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 नवम्बर 2024**
**(घटती-घटना)।**

घुनघुट्टा नदी की घाट पर इस वर्ष छठव्रतियों को छठ पूजा के लिए 2100 घाटों की सुविधा मिलेगी। इस बात की जानकारी आज घुनघुट्टा श्याम सेवा समिति के संरक्षक राकेश गुप्ता एवं अध्यक्ष रामकुमार गुप्ता ने एक प्रेसवार्ता में दी। यह समिति विगत कई वर्षों से घुनघुट्टा नदी ग्राम करजी-सोहागा में छठव्रतियों की सेवा में कार्य कर रहा है। इस वर्ष भी समिति के सदस्यों ने 15 दिन पूर्व से ही तैयारियां प्रारंभ कर दी थी। घाटों को चौड़ा करने की ओर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया था, जिसके फलस्वरूप विगत वर्ष 1100 घाट की तुलना में 1000 अधिक कुल 2100 घाटों का निर्माण किया गया है। पार्किंग के लिए मुख्य मार्ग के सहारे 4 एकड़ अतिरिक्त भूमि विकसित किया गया है। दरिमा रोड का निर्माण हो जाने के कारण आवागमन बाधित नहीं होगा। आवागमन सुचारू बनाने के लिए समिति के स्वयंसेवक भी कार्य करेंगे। इस वर्ष छठ के दौरान 7 नवंबर को जबलपुर की बैंड पार्टी दी सावन बैंड अपनी भक्तिमय प्रस्तुति देगी। 8 नवंबर को प्रातः गंगा आरती का आयोजन होगा। समिति ने जानकारी दी है कि घुनघुट्टा तट पर छठव्रतियों और श्रद्धालुओं को असुविधा से बचाने के लिए पर्व के दौरान पूरी व्यवस्था रहेगी। आज की प्रेसवार्ता के दौरान समिति के सदस्य संजीव कश्यप, उत्तम राजवाड़े, नारद गुप्ता, आशुमाल, योगेश, नीलेश कश्यप, राकेश सोनी, मुकेश गिरी प्रकाश सोनी आदि मौजूद थे।

# चार अलग-अलग सडक़ हादसे में 5 युवकों की मौत

**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर, 04 नवम्बर 2024**
**(घटती-घटना)।**




चार अलग-अलग सडक़ हादसे में 5 युवकों की जान चली गई। मणिपुर थाना क्षेत्र के ग्रम भिट्ठीकला निवासी रविशंकर (25) पिता सहदेव 3 नवंबर की रात को बाइक से ग्राम गुमगरा करमा देखने जा रहा था। मेण्ड्राकला के पास पहुंचा ही था कि तेज रफ्तार कार ने उसे टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना सूरजपुर जिले के पकनी चौक के पास की है।

टमकी थाना रमकोला निवासी जिलोशन (27) बाइक से अपने घर लौट रहा था। पकनी चौक के पास अनियंत्रित होकर गिर गया। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। सूरजपुर अस्पताल से अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया था। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। रायगढ़ जिले के कापू निवासी गोपाल चक्रधारी पिता स्व. सुरेश चन्द्र (21) 3 नवंबर को अपने दोस्त अन्थ्रेश व अन्य लोगों के साथ अलग-अलग बाइक से मैनपाट घुमने गया था। वापस आने के क्रम में कमलेश्वरपुर थाना क्षेत्र के रोपाखार मुख्य मार्ग पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना में गोपाल व अंथ्रेश गंभीर रूप से जख्मी हो गए। अन्य साथियों ने दोनों को इलाज के लिए कमलेश्वरपुर अस्पताल ले गए। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने अंथ्रेश को मृत घोषित कर दिया। जबकि गोपाल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। इनके मौत से परिजन सदमे में है। गांधीनगर थाना क्षेत्र के चठिरमा स्थिति पेट्रोल पंप के पास कार ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से बाइक सवार सडक़ पर गिर गया। इसी क्रम में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक सवार युवक को रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार राकेश राय पिता सुभाष राय उम्र 35 वर्ष सूरजपुर जिले के जयनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रविन्द्रनगर का रहने वाला था। वह सोमवार की शाम करीब 4.30 बजे अंबिकापुर की ओर से बाइक से वापस घर जा रहा था। चठिरमा पेट्रोप पांप के पास पहुंचा ही था कि उक्त पेट्रोल पंप से पेट्रोल डलवाकर सामने से जा रहे कार ने उसे टक्कर मार दी। दुर्घटना में राकेश सडक़ पर गिर गया। इसी क्रम में पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर क्रमांक बीआर 24 जीसी 6989 ने उसे रौंद दिया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर गांधीनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने दुर्घटनाकारी दोनों वाहनों को जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है।






# एसआई भर्ती: सूरजपुर के चयनित अभ्यर्थियों को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर ने दी शुभकामनाएं...

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर, 04 नवम्बर 2024**
**(घटती-घटना)।**

हाल ही में एसआई परीक्षा परिणाम जारी किए गए है जिसमें सूरजपुर जिले के कई अभ्यथियों का चयन हुआ है जो सूरजपुर जिले के लिए बड़े ही गर्व की बात है। सोमवार, 04 नवम्बर 2024 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सूरजपुर श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने चयनित हुए सूरजपुर के अभ्यर्थी राहुल गौतम, ज्योति सिंह पुहुप, कमलेश्वर प्रजापति, अनूक साय एवं साईबर सेल में पदस्थ आरक्षक संतलाल यादव को एसआई में सलेक्ट होने पर शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना दी और उन्हें मार्गदर्शन भी दिया।

इस अवसर पर एसएसपी श्री प्रशांत कुमार ठाकुर ने अभ्यर्थियों की मेहनत को सराहा और कहा कि आपके बुलंद हौसले और मुकाम हासिल करने के जज्बे से ही आपको सफलता मिली है। ट्रेनिंग के दौरान आने वाली समस्या एवं निदान के बारे में जानकारी साझा किया। उन्होंने कहा कि सब इंस्पेक्टर से भर्ती होकर आप वरिष्ठ पदों तक जा सकते हैं। अपने वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देश में बेहतर कार्य दक्षता का प्रदर्शन करेंगे तो आपको पुलिस विभाग में अच्छा पहचान मिलेगा।

# जमीन धोखधड़ी करने के मामले में महिला सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**- संवाददाता -**
**अंबिकापुर,04 नवम्बर 2024**
**(घटती-घटना)।**

भाई ने फर्जी बहन बनाकर अपनी खुद की बहन के हिस्से की जमीन को धोखधड़ी कर दूसरे के नाम रजिस्ट्री करा लिया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर लखनपुर पुलिस ने महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

प्रेमा बाई पति जय सिंह उम्र 47 वर्ष निवासी जजगी लखनपुर की रहने वाली है। इसके माता-पिता के मृत्यु पश्चात पिता के नाम की भूमि प्रेमा बाई व भाई छतर राम के नाम पर सम्मिलित रूप से नामंतरण हुआ था। महिला के भाई छतर राम द्वारा धोखाधड़ी करने के आशय से एक अन्य रिश्ते की दीदी जिसका नाम भी प्रेमाबाई है उसे अपनी बहन के रूप में रजिस्ट्रार ऑफिस में खड़ा कर भाई-बहन की संयुक्त भूमि को 5 अप्रैल 23 को अन्य क्रेता को फर्जी रजिस्ट्री कर निष्पादन करा दिया था। इसकी जानकारी प्रेमा बाई को होने पर वह मामले की रिपोर्ट लखनपुर थाना में दर्ज कराई थी। पीड़िता की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी छतर राम व प्रेमा बाई पति आनंद राम निवासी बंधा लखनपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धारा 420,467, 468, 471, 201, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जेल दाखिल कर दिया है।



# इजरायल पर हमले से ठीक पहले अचानक पाकिस्तान पहुंचे ईरानी विदेश मंत्री, यहूदी राष्ट्र के खिलाफ जाएगा जिन्ना का देश?

**इस्लामाबाद, 04 नवम्बर 2024।** इजरायल पर जवाबी हमले से ठीक पहले ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची अचानक से सोमवार को पाकिस्तान की अपनी पहली यात्रा पर पहुंच गए हैं। बताया जा रहा है कि वह दो दिनों तक पाकिस्तान के नेताओं से पश्चिम एशयिा के तनाव और दोनों देशों के बीच रिश्तों पर गहन बातचीत करेंगे। पाकिस्तान का कहना है कि इस दौरान व्यापार, ऊर्जा और सुरक्षा के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक इजरायल के हवाई हमले और अब तेहरान के जवाबी अटैक की तैयारी के बीच ईरानी वदिश मंत्री का पहुंचना बड़ा संदेश देता है। ईरान अपने जवाबी हमले से पहले क्षेत्र के देशों को अपने पाले में लाने की कोशिश कर रहा है। वहीं विश्लेषकों का कहना है कि ईरान पाकिस्तान से यह आश्वासन चाहता है कि इजरायल संग चल रहे तनाव के बीच वह कोई नया संकट नहीं पैदा करेगा।



इससे पहले 26 अक्टूबर को इजरायल ने 100 से ज्यादा फाइटर जेट भेजकर ईरान के अंदर भीषण हमला बोला था और कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था। इजरायल के हमले में ईरान के 4 सैनिक मारे गए थे। इजरायल ने इराक और सीरिया को भी निशाना बनाया था। वहीं ईरान ने भी 2 अक्टूबर को इजरायल पर बड़ा हमला बोला था और 200 मिसाइलें दागी थीं। ईरान ने कहा था कि उसने हमास नेता इस्माइल हानिया और हिज्बुल्लाह चीफ हसन नसरुल्ला की हत्या का बदला लेने के लिए यह हमला बोला था। ये दोनों ही नेता ईरान के बहुत करीबी थे।

### ईरान के साथ खुलकर आया था पाकिस्तान

ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामनेई ने शनिवार को चेतावनी दी थी कि इजरायल और अमेरिका को करारा जवाब दिया जाएगा। पाकिस्तानी अखबार एक्सप्रेस ट्रिब्यून ने सूत्रों के हवाले से कहा कि ईरानी विदेश मंत्री मिडिल ईस्ट के ताजा हालात के बारे में बताएंगे। साथ ही पाकिस्तान से इससे उबरने के बारे में सलाह और मदद मांगेंगे। पाकिस्तान उन देशों में शामिल है जिसने इजरायली हमले की कड़ी आलोचना की थी। पाकस्तिान ने कहा था कि इजरायल का हमला ईरान की संप्रभुता का उल्लंघन है। पाकिस्तान के पीएम शहबाज ने यहां तक कह दिया था कि उनका देश ईरान के साथ खड़ा है।

पाकिस्तानी अखबार ने कहा कि शहबाज सरकार ईरानी विदेश मंत्री से अपील करेगी कि वह इजरायल के खिलाफ कूटनीतिक तरीका अपनाए। उन्होंने यह भी कहा कि इजरायल अगर आक्रामक कार्रवाई जारी रखता है तो ईरान अकेले कुछ नहीं कर सकता है। दरअसल, पाकिस्तान को डर सता रहा है कि अगर ईरान और इजरायल के बीच तनाव जारी रहता है तो इसका असर उसके ऊपर भी आ सकता है। पाकिस्तान की ईरान से लगती 1000 किमी की सीमा है। ईरान में कोई संकट आता है तो इसका असर पाकिस्तान तक पहुंच सकता है। इसी वजह से पाकिस्तान चाहता है कि इजरायल और ईरान के बीच रिश्ते सामान्य हों।

### मुस्लिम दुनिया में आतंकवाद के लिए अमेरिका दोषी

इस बीच ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के मुख्य कमांडर हुसैन सलामी ने रविवार को कहा कि मुस्लिम दुनिया में आतंकवाद और विभाजन के लिए अमेरिका की नीतियां जिम्मेदार हैं। सलामी ने यह टिप्पणी तेहरान में पूर्व अमेरिकी दूतावास के अधिग्रहण की 45वीं वर्षगांठ और ÷वैश्विक अहंकार के खिलाफ लड़ाई के राष्ट्रीय दिवस÷ के अवसर पर आयोजित एक रैली में की, जिसे ÷राष्ट्रीय छात्र दिवस÷ के रूप में भी जाना जाता है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, आईआरजीसी के मुख्य कमांडर ने समारोह में जोर देकर कहा कि तकफिरी (चरमपंथी) आतंकवाद की घटना और मुस्लिम दुनिया में खूनी विभाजन सभी अमेरिकी नीतियों के परिणाम थे।

# खालिस्तानियों को रोकते भी नहीं, कनाडा में हिंदू मंदिर पर हमले को लेकर बरसा भारत



**ओट्टावा, 04 नवम्बर 2024।** कनाडा के हिंदू मंदिर में खालिस्तानियों द्वारा श्रद्धालुओं पर हमले का मामला तूल पकड़ने लगा है। इस घटना को लेकर भारत ने नाराजगी जताई है। हमले के बाद भारतीय उच्चायोग का बयान सामने आया है। इसमें भारतीय उच्चायोग ने कहा है कि भारत विरोधी तत्वों ने इस घटना को अंजाम दिया है। बता दें कि घटना के वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि कुछ लोग खालिस्तानी झंडा लेकर आए हैं। इन लोगों ने मंदिर के बाहर लोगों को मारा-पीटा। बयान में आगे कहा गया है कि उच्चायोग के रूटीन कामों में इस तरह से बाधा पहुंचाई जा रही है। यह देखकर काफी निराशा होती है कि इन हमलों को रोकने के लिए उचित कदम नहीं उठाया जा रहा है।


ओट्टावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने कहाकि हम इस तरह के कार्यक्रम स्थानीय सह-आयोजकों की मदद से करते हैं। हम भारतीय नागरिकों सहित आवेदकों की सुरक्षा के लिए भी बहुत चिंतित हैं, जिनकी मांग पर इस तरह के कार्यक्रम पहले स्थान पर आयोजित किए जाते हैं। भारत विरोधी तत्वों के इन प्रयासों के बावजूद हमारा वाणिज्य दूतावास भारतीय और कनाडाई आवेदकों को 1000 से अधिक जीवन प्रमाण पत्र जारी करने में सक्षम रहा। उच्चायोग के बयान में यह भी कहा गया है कि मौजूदा हालात को देखते हुए कनाडा के अधिकारियों से पहले ही इन आयोजनों के लिए बेहतर सुरक्षा देने का अनुरोध किया गया था।


गौरतलब है कि कनाडा के ब्रैम्पटन स्थित हिंदू महासभा मंदिर के अंदर घुसकर कुछ खालिस्तानियों ने श्रद्धालुओं को निशाना बनाया। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। इसमें कुछ लोग मंदिर कैंपस में पहुंचकर लोगों पर हमला करते देखे जा सकते हैं। घटना को लेकर भारतीय मूल के सांसद चंद्र आर्या ने नाराजगी जताई है। वहीं, कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने इस घटना पर अफसोस जताया है।

# कौन है अहू दरयाई और अब कहां है,जो कपड़े उतारकर खूब घूमी और ईरान को किया चैलेंज

**तेहरान, 04 नवम्बर 2024।** हिजाब अच्छे से न पहनने के आरोप में पुलिस के उत्पीड़न का शिकार होने का जवाब ईरान की छात्रा अहू दरयाई ने अपने कपड़े ही उतार डाले थे। वह सड़क पर सिर्फ अंडरवियर्स में ही घूमती दिखी थीं और उनकी तस्वीरें पूरी दुनिया में वायरल हो गई थीं। अहू दरयाई की इस हरकत की एक तरफ ईरान में कट्टरपंथी आलोचना कर रहे हैं तो वहीं दुनिया भर में ऐसे भी लोग हैं, जिनका कहना है कि अहू ने ईरानी कट्टरपंथियों को चैलेंज किया है। वह महिलाओं की आजादी की प्रतीक बनी हैं और बताया है कि कैसे कट्टरपंथी ताकतों को चुनौती दी जा सकती है।

अब सवाल यह भी है कि आखिर अहू दरयाई अब कहां है। वायरल वीडियोज में दिखता है कि वह तेहरान यूनिवर्सिटी के कैंपस में कपड़े उतारकर घूमती है। उसके शरीर पर सिर्फ अंडरवियर्स ही दिखते हैं। इसी बीच सादे कपड़ों में आए कुछ लोग पकड़कर ले जाते हैं और एक कार में बिठा देते हैं। कहा जा रहा है कि अहू दरयाई को किसी अज्ञात लोकेशन पर रखा गया है। अब तक ईरान ने आधिकारिक तौर पर जानकारी नहीं दी है कि अहू दरयाई को कहां रखा गया है। एक स्थानीय अखबार फर्जीख्तेगन का कहना है कि अहू दरयाई को एक पागलखाने में एडमिट कराया गया है।





एमनेस्टी इंटरनेशनल ने ईरानी प्रशासन से अपील की है कि अहू दरियाई को रिहा किया जाए। यह भी मांग की है कि यदि उसने कोई अपराध किया भी है तो निष्पक्ष तरीके से पूरे केस की जांच की जाए। रिपोर्ट्स के अनुसार अहू दरयाई को स्कार्फ सही से न पहनने के चलते सुरक्षाकर्मियों ने रोका था, जब वह इस्लामिक अजा यूनिवर्सिटी गई थी। इस दौरान उसका उत्पीड़न भी किया गया था। एक छात्र का दावा है कि अहू की पिटाई भी इसके लिए की गई थी। इससे वह बेहद आहत हो गई थी।

वहीं यूनिवर्सिटी के पीआर ऑफिसर का कहना है कि अहू की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह अपने पति से भी अलग हो चुकी है। वह दो बच्चों की मां है। एमनेस्टी इंटरनेशनल ने ईरान सरकार से अपील की है कि अहू दरयाई को पूरा संरक्षण दिया जाए और उसके खिलाफ कोई ज्यादती न हो। बता दें कि इससे पहले 2022 में भी ईरान में जोरदार प्रदर्शन महिलाओं ने किए थे। महसा अमीनी नाम की महिला को ड्रेस कोड का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस ने अरेस्ट किया था। इसी दौरान उसकी मौत हो गई थी और फिर महिलाएं बड़ी संख्या में सड़कों पर उतर आई थी।

# इजरायल ने मार गिराया हिजबुल्लाह का आखिरी कमांडर; जानें कौन था अबू अली रिदा



**इजरायल,04 नवम्बर 2024।** इजरायल की सेना ने लेबनान में जमीनी और हवाई हमला करके एक-एक कर हिजबुल्लाह के कई सरगनाओं को ढेर कर दिया है। वहीं अब इजरायली सेना ने दावा किया है कि हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर अबू अली रिदा को भी मार गिराया गया है। माना जा रहा था कि नसरल्लाह की मौत के बाद अबू अली रिदा हिजबुल्लाह को संभालने में बड़ी भूमिका निभा सकता है। इजरायली सेना के खिलाफ रॉकेट और एंटी टैंक मिसाइल दागने के काम की निगरानी अबू अली रिदा ही करता था।

जानकारी के मुताबिक दक्षिणी लेबनान के बाराचिट में उसे एक एयरस्ट्राइक में मार दिया गया। अबू अली रिदा हिजबुल्लाह की गतिविधियों की निगरानी करता था और मिसाइल हमलों की देखरेख करता था। इजरायल ने हिजबुल्लाह के कई कमांडरों और नेताओं को ढेर कर दिया है। बता दें कि हमास से युद्ध के दौरान जब हिजबुल्लाह ने भी इजरायल पर हमले शुरू किए तो पहले तो इजरायली सेना ने हवाई हमले किए और इसके बाद जमीनी सेना भी उतार दी।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी लेबनान बॉर्डर पर पहुंचे थे। वह अभी रहम करने के मूड में नहीं दिखाी जदे र हे हैं। अमेरिका, एजिप्ट समेत कई देशों की शांति की अपील को वह खारिज कर चुके हैं और उन्होंने कहा है कि हिजबुल्लाह को नेत्सनाबूत कर दिया जाएगा। अब तक हिजबुल्लाह के 17 से ज्यादा सरगना मार दिए गए हैं। इजरायली हमले में मारे गए हिजबुल्लाह के कमांडरों और नेताओं के नाम इब्राहिम काबिसी, इब्राहिम अकील, फाऊद शुक्र, अली कराकी, अल तवील, अबु हसन समीर, मुहम्मद हुसैन, सामी तलेब और मोहम्मद नासिर हैं। इसी लिस्ट में अब अबू अली रिदा का भी नाम जुड़ गया है। अबू अली रिदा बदर यूनिट का कमांडर था। वह लिटानी नदी के उत्तर में सिडोन शहर के क्षेत्र में हिजबुल्लाह का काम करता था। माना जाता है कि हिजबुल्लाह का एक मात्र कमांडर हीबचा था।



# नव पदस्थ कलेक्टर से मिला टीचर्स एसोसियेशन दी बधाई एवं रखी मांग


**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**


जिले में नवनियुक्त कलेक्टर एस जयवर्धन से टीचर्स एसोसियेशन सूरजपुर का प्रतिनिधिमंडल मिलकर जिला आगमन पर स्वागत करते हुए अपनी लंबित मांगों को अवगत कराते हुए समाधान की जरूरत बताई है ।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसियेशन के प्रदेश महामंत्री रंजय सिंह, जिलाध्यक्ष भूपेश सिंह के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने जिले में पदस्थ होने पर स्वागत करते हुए,शाला संचालन समय 10 से 4 बजे करने ,परामर्शदात्री समिति की बैठक नियमित आयोजित करने हेतु ,अनुसूचित क्षेत्र में कार्यरत शिक्षकों को दस दिवस का विशेष अर्जित अवकाश प्रदान करने,पंचायत अवधि का लंबित पुनरीक्षित एरियर्स एवं अन्य का गणना करने,प्राथमिक शाला प्रधानपाठक के रिक्त पदों पर शीघ्र पदोन्नति प्रदान करने की मांग कर जल्द निर्णय लेने का निवेदन किया , कलेक्टर सूरजपुर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर समाधान करने की बात कही इस अवसर पर रंजय सिंह,भूपेश सिंह, मिथिलेश पाठक,पीताम्बर सिंह मरावी,जय प्रकाश सिंह,अंकित सिंह इत्यादि उपस्थित रहें ।

# संगठन महापर्व को लेकर भाजपा की कार्यशाला 06नवंबर कोअटल कुंज मे








**» जिला चुनाव अधिकारी पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले कार्यशाला मे होंगी शामिल**

**- संवाददाता -**
**सूरजपुर,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

भारतीय जनता पार्टी के संगठन महापर्व को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला 06 नवंबर को जिला भाजपा कार्यालय अटल कुंज मे आयोजित की गई है।कार्यशाला मे भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा नियुक्त जिला चुनाव अधिकारी पूर्व संसदीय सचिव चंपा देवी पावले शामिल होंगी। भाजपा द्वारा सदस्यता महा अभियान एवं सक्रिय सदस्य अभियान के बाद संगठन चुनाव के लिए आगे बढ़ रही है। प्रदेश संगठन द्वारा सूरजपुर जिला भाजपा को डेढ लाख प्राथमिक सदस्य बनाने का लक्ष्य दिया गया था जिसमें जिला संगठन लक्ष्य के करीब लगभग एक लाख चालीस हजार प्राथमिक सदस्य बनाए जा चुके हैं। वही पूरे जिले मे तीन हजार सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान चल रहा है। जिला स्तरीय कार्यशाला के बाद मंडल चुनाव अधिकारी की घोषणा होगी तत्पश्चात मंडलो मे कार्यशाला का आयोजन होगा जहाँ बूथ अध्यक्षों के निर्वाचन की प्रक्रिया के लिए पदाधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। बूथ समितियों के निर्वाचन के बाद मंडल अध्यक्ष का निर्वाचन संपन्न होगा। भाजपा संगठन द्वारा सभी चुनाव आम सहमति व समन्वय से करने का निर्णय लिया गया है। कार्यशाला में भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल,सांसद चिंतामणि महाराज,मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ,पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, विधायक भूलन सिंह मरावी,शकुन्तला पोर्ते



,भीमसेन अग्रवाल, अजय गोयल, रामकृपाल साहू, किरण खेस्स मौजूद रहेंगी। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी शशि तिवारी ने बताया कि कार्यशाला मे भाजपा, मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी, प्रदेश कार्य समिति सदस्य,जिला एवं मंडल निर्वाचन टीम,पूर्व एवं वर्तमान सांसद, विधायक,जिला पदाधिकारी, मोर्चा के जिलाध्यक्ष, मंडल प्रभारी, सह प्रभारी,मंडल अध्यक्ष, महामंत्रीगण, जिला एवं मंडल सदस्यता प्रभारी, सयोजक, सह सयोजक, सक्रिय सदस्य जिला एवं मंडल प्रभारी, सह प्रभारी, नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, त्रि- स्तरीय पंचायत चुनाव जिला एवं विकास खण्ड चुनाव प्रभारी, सह प्रभारी, जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य, पार्षदगण अपेक्षित हैं।

# सरगुजा कमिश्नर व कलेक्टर का भी आदेश नहीं मान रहे हैं राजस्व विभाग के अधिकारी

**» कोर्ट के आदेश को दर किनार कर अपनी मर्जी चला रहे हैं सरगुजा राजस्व विभाग....**

**» पीड़ित ने कहा सरगुजा कलेक्टर परिसर में आत्मदाह करुंगा....**

**- संवाददाता -**
**अम्बिकापुर,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।**

अम्बिकापुर में राजस्व विभाग के अधिकारियों के कार्यप्रणाली से हर कोई वाकिफ हैं.आदेश होने के बाद भी लेन-देन व राजनीतिक रसूख के बगैर यहां कोई भी कार्य हो जाएं संभव नहीं होता है लेकिन अब तहसील कार्यालय के अधिकारियों के द्वारा अब अपने वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश को भी मानने से इंकार करने का मामला सामने आया है। राजस्व विभाग के कुछ अधिकारियों के इस गैरजिम्मेदाराना रवैया से एक गरीब ग्रामीण युवक और उसकी मां को दर दर भटकना पड़ रहा है।

दरअसल अम्बिकापुर के रहने वाले अविनाश राजवाड़े का कहना है कि उनके पिता नरेंद्र राजवाड़े की मौत के बाद उनके स्वामित्व की भूमि पर उसका भी नाम चढ़ना था लेकिन उनके परिजनों के द्वारा उनके पिता की भूमि के खाते में उसका नाम चढ़ने नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण अविनाश ने इस मामले को एसडीएम कोर्ट में चुनौती दिया जहां उसके कह में फैसला सुनाया गया और तहसीलदार अम्बिकापुर को उनके पिता की स्वामित्व की भूमि में अविनाश का भी नाम चढ़ाएं जाने का आदेश दिया गया। लेकिन इस बीच अविनाश के विरोधियों के द्वारा एसडीएम के फैसले को सरगुजा कमिश्नर कोर्ट में चुनौती दिया गया। जहां भी अविनाश के पक्ष में सरगुजा कमिश्नर कोर्ट ने 16 जुलाई 2024 को फैसला सुनाया। अविनाश का कहना है कि इस बीच



छत्तीसगढ़ राजस्व बोर्ड में भी उसके ही पक्ष में फैसला दिया गया है। इसके बावजूद आज तक तहसीलदार अम्बिकापुर व श्रीगढ की पटवारी उसका नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं कर रहे हैं। अविनाश ने बताया कि वह दो सप्ताह पूर्व भी कलेक्टर सरगुजा के जनसुनवाई में भी इस मामले की शिकायत की शिकायत दर्ज कराई गई थी। जहां कलेक्टर सरगुजा के द्वारा एसडीएम अम्बिकापुर को तत्काल कार्रवाई करने हेतु उनका आवेदन फार्वड किया गया था। इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई अंततः उसने इस मामले में कार्रवाई के लिए सरगुजा संभाग कमिश्नर कार्यालय का दरवाजा खटखटाया गया जहां कमिश्नर सरगुजा के 25 अक्टूबर को कलेक्टर सरगुजा को सात दिनों के भीतर कार्रवाई करते हुए उन्हें सूचित करने का पत्र जारी किया गया था। लेकर फिर भी आज दिनांक तक तहसीलदार अम्बिकापुर कोई भी कार्रवाई नहीं किया गया है।

### तो आत्मदाह कर लूंगा...

पीड़ित अविनाश राजवाड़े का कहना है कि पिछले चार वर्षो से वह राजस्व विभाग का चक्कर काट रहा है। सभी राजस्व कोर्ट का आदेश उसके पक्ष में आने के बाद भी तहसीलदार अम्बिकापुर के द्वारा कार्रवाई करने को लेकर उसे परेशान किया जा रहा है ऐसे में वह अब कलेक्टर कार्यालय में ही आत्मदाह करेगा जिसका जिम्मेदार राजस्व विभाग होगा। अविनाश का कहा कि उसके परिवार में मात्र वह और उसकी बेवा मां है ऐसे में शहर के भूमाफिया के द्वारा राजस्व अधिकारियों को पैसा देकर राजस्व कोर्ट के फैसले पर अमल नहीं करने दिया जा रहा है।

### रिकार्ड दूरूस्त करने की कार्यवाही की जा रही है....

वही इस मामले में अम्बिकापुर तहसीलदार उमेश बाज का कहना है कि कमिश्नर कोर्ट से आदेश के बाद 45 दिनों तक का स्टे होने का कारण रिकार्ड दूरूस्त नहीं हो सका लेकिन अब प्रक्रिया के तहत रिकार्ड दूरूस्त किया जा रहा है। उन्होंने ने बताया कि जल्द ही अविनाश राजवाड़े का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज कर लिया जाएगा।

AMBIKAPUR 05 NOVEMBER 2024_Layout 2 11/5/2024 12:31 PM Page 5



# कलेक्टर चंदन त्रिपाठी ने कार्यालयों का किया निरीक्षण







» 15 विभागों के 55 अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय पर मिले थे अनुपस्थित...

» सभी को जारी को हुआ कारण बताओ नोटिस

– संवाददाता –
कोरिया,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने आज सुबह साढ़े दस बजे कलेक्टोरेट परिसर स्थित कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने इस दौरान छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, नगर निवेश, जिला साक्षरता मिशन अभिकरण, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला अन्त्यावसायी सहकारी विकास समिति, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, खाद्य विभाग, श्रम विभाग, जिला आबकारी कार्यालय, स्थानीय निर्वाचन, जिला योजना एवं सांख्यिकी विभाग, राजीव गांधी शिक्षा मिशन, भू-अभिलेख शाखा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय एवं स्थापना शाखा सहित विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। करीब 15 विभागों के 55 अधिकारी- कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए।अनुपस्थित कर्मियों का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के प्रावधानों के प्रतिकूल होकर शासनादेश एवं कार्य के प्रति लापरवाही का द्योतक है। इन सभी कर्मियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है और तीन दिवस के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

कलेक्टर ने जिले के सभी कर्मियों को निर्धारित कार्यालयीन समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी कर्मचारियों का यह दायित्व है, कि वे निर्धारित समय में अपने-अपने कर्तव्य स्थल पर उपस्थित रह कर शासकीय कार्य का संपादन करे तथा राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे ताकि आम जनता को उसका समुचित लाभ प्राप्त हो सके।

## मौजूदा डबल इंजन की भाजपा सरकार प्रशासनिक रूप से अनुभवहीन:राकेश गुप्ता

– संवाददाता –
अंबिकापुर, 04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।



प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था को देखकर हम अभी मौजूदा डबल इंजन की भाजपा सरकार को प्रशासनिक रूप से अनुभवहीन और अकुशल मानते थे लेकिन भाजपा की सरकार और इसके जनप्रतिनिधि राजनीतिक रूप से भी अपरिपक्व हैं इसकी पुष्टि तब हो गई जब कानून व्यवस्था के मोर्चे पर अपने सरकार की नाकामी छिपाने के लिए अम्बिकापुर विधायक ने छत्तीसगढ़ की खराब कानून व्यवस्था के लिए कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को जिम्मेदार ठहराया। सीबीआई, ईडी, पुलिस प्रशासन सबकुछ डबल इंजन की सरकार के अधीन है। मैं भाजपा की डबल इंजन सरकार को चुनौती देता हूँ कि वो 10 दिन के भीतर साबित करे कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के इशारे पर छत्तीसगढ़ में कानून व्यवस्था साजिशन खराब की जा रही है। नहीं तो अम्बिकापुर विधायक 10 दिन के बाद अपने आज के बयान के लिए क्षमा प्रार्थना करें, जनता उन्हें उनके इस अपरिपक्व बयान के लिए अवश्य माफ करेगी।

# अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड के राज्योत्सव कार्यक्रम के संगीत संध्या में घनश्याम महानंद एवं स्तुति जायसवाल देंगे मनमोहक प्रस्तुति

» घनश्याम महानंद 500 गीतों में दे चुके है अपनी आवाज

» छत्तीसगढ़ी, हिन्दी, हल्बी, गोंडी, उड़िया,संबलपुरी तथा भोजपुरी भाषाओं में गीत की करते है प्रस्तुति

» स्तुति जायसवाल रह चुकी हैं यंग स्टार (2017) की विनर

– संवाददाता –
सूरजपुर,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस समारोह 2024 के अवसर पर जिले के अग्रसेन स्टेडियम ग्राउंड पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। 05 नवंबर मंगलवार को 04 बजे से कार्यक्रम का आयोजन होना है। रंगारंग कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए सुप्रसिद्ध लोक पार्श्व गायक श्री घनश्याम महानंद एवं सुश्री स्तुति जायसवाल भी कार्यक्रम का हिस्सा बनेंगे। कला जगत में श्री घनश्याम महानंद को ब्लैक डायमंड के नाम से जानते हैं। आडियो विडियो में लगभग 500 गीतों में अपनी आवाज दे चुके है। उन्होंने छत्तीसगढ़ी, हिन्दी, हल्बी, गोंडी, उडिया, संबलपुरी तथा भोजपुरी भाषाओं में गीत गाया है। कई राष्ट्रीय स्तर के टी.वी. चौनलों के माध्यम से अपनी प्रस्तुति दी है। वर्तमान में सोशल मिडिया प्लेटफार्म, यूट्यूब के माध्यम से लगातार





छत्तीसगढ़ी संस्कृति, लोक परम्पराओं से जुड़े गीत संगीत की प्रस्तुति कर रहे है। लोक गीत के अलावा गजल, भजन, सुफी, गायकी में भी अपनी छाप छोड़ चुके है। मैनपाट महोत्सव, राजिम महोत्सव, भोरमदेव महोत्सव, बारसुर महोत्सव, अरपा महोत्सव, चित्रकुट महोत्सव, तातापानी महोत्सव, ज्वाजल्य देव महोत्सव एवं राज्योत्सव जैसे सम्मानित मंचों में अपनी प्रस्तुति दे चुके है। श्री घनश्याम महानंद की विशेषता रही है कि अपने गीतो में उनके द्वारा आमजन को जागरूक करने के लिए सम सामायिक विषय व सामाजिक मुद्दो पर जैसे कि बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, नशा मुक्ति, छत्तीसगढ़ी भाषा को बढ़ावा देने वाले गीतों को व अपने संगीत में स्थान देते है। इसके साथ ही मंच में सुश्री स्तुति जायसवाल के द्वारा भी संगीत संध्या में अपनी मधुर आवाज से गीतों की प्रस्तुति की जाएगी। सुश्री स्तुति जायसवाल यंग स्टार (2017) की विनर रह चुकी है। उन्होंने लव मी इंडिया (2018) में भाग लिया था, जिसमें वह रनअप थी। इसके साथ ही उनके द्वारा माता मावली मेला, मैनपाट, कुदरगढ़, रामगढ़, तातापानी महोत्सव इत्यादि में भी कला का प्रदर्षन किया है।

बैकुंठपुर विधायक श्री भईयालाल राजवाड़े (मुख्य अतिथि), प्रेमनगर विधायक श्री भूलन सिंह मराबी (कार्यक्रम की अध्यक्षता), प्रतापपुर विधायक श्रीमती शंकुतला पोर्ते (विशिष्ट अतिथि) एवं अन्य सम्माननीय जनप्रतिनिधि व अतिथिगण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# प्रतापपुर से चन्दौरा में सड़क निर्माण को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का चक्का जाम




– संवाददाता –
प्रतापपुर,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

प्रतापपुर से चंदौरा तक बन रही 13 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण में भारी अनियमित एवं भ्रष्टाचार को लेकर गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने 8 नवंबर 2024 को चन्दौरा हाईवे बनारस मार्ग पर चक्का जाम करने की घोषणा की है। पार्टी ने यह कदम चन्दौरा से प्रतापपुर निर्माणाधीन सड़क के निर्माण में ठेकेदार द्वारा घटिया सामग्री के उपयोग और कार्य योजना के उल्लंघन के खिलाफ उठाया है। जिसमें ठेकेदार और अधिकारी के द्वारा भारी भ्रष्टाचार करते हुए शासन के पैसों का दुरुपयोग एवं अनियमित का आरोप लगाया

पार्टी के नेताओं ने 25 अक्टूबर 2024 को ग्राम पंचायत भेड़िया में इस मुद्दे को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा था। ज्ञापन में ठेकेदार द्वारा सड़क निर्माण में अनियमितता और मटेरियल डालने के बाद उचित कॉम्पेक्शन न करने की बात की गई है। तथा सही ढंग से बेस नहीं बनने पर गुणवत्ता पर भी सवाल उठ रहा है।

सड़क निर्माण में पानी का छिड़काव और डायवर्सन मार्ग की सुविधा न होने से आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसके अलावा, कार्य योजना से संबंधित सूचना के लिए साइन बोर्ड भी नहीं लगाया गया है, जिससे जनता में असंतोष बढ़ रहा है।

गोंडवाना गणतंत्र पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि ठेकेदार और संबंधित विभाग इस मामले में सुधार नहीं करते हैं, तो आगामी 8 नवंबर को चक्काजाम किया जाएगा। ज्ञापन सपने में देव सई पूजा कार्यवाहक जिला अध्यक्ष गोंडवाना गणतंत्र पार्टी,जयनाथ सिंह केराम, राष्ट्रीय प्रवक्ता गोंगपा, के नेतृत्व में यह आंदोलन किया जाएगा। जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग इस आंदोलन में सहयोग देंगे

पार्टी ने प्रशासन से जल्द समाधान की मांग की है ताकि जनता को होने वाली समस्याओं का निवारण हो सके।

## अग्निवीर भर्ती रैली के लिए प्रवेश-पत्र हुआ जारी

– संवाददाता –
सूरजपुर,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा आगामी 04 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ स्टेडियम, रायगढ़ में छत्तीसगढ़ के सभी 33 जिलों के पुरूष उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर जनरल डयूटी, अग्निवीर ऑफिस असिस्टेंट,स्टोर कीपर व अग्निवीर टेऊद्दसमैन (दसवीं व आठवीं) भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। सेना द्वारा 22 अप्रैल 2024 से 03 मई 2024 तक ऑनलाइन सामान्य प्रवेष परीक्षा (सीईई) का आयोजन किया था। ऑनलाइन परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीदवार शारीरिक दक्षता सहित और अन्य भर्ती प्रक्रियाओं में भाग ले सकेंगे। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र वेबसाइट (www.joinindian-army.nic.in) और उनके ई-मेल पर भेज दिया गया है। भर्ती में हिस्सा लेने के लिए एडमिट कार्ड व सभी दस्तावेज रैली संबंधी किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पास या टेलीफोन नं. 07771-2965212 पर संपर्क कर सकते है।

# कोटवारी जमीन पर अवैध कब्जा, जनदर्शन में किया गया शिकायत

» करते हुए कोटवार को दिलाए जाने हेतु कलेक्टर सूरजपुर को जनदर्शन में किया शिकायत।

– संवाददाता –
प्रतापपुर,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।




सोनिया नायक पति विजय कुमार प्रतापपुर तहसील का कोटवार है सोनिया नायक को ग्राम अमनदोन में सेवा भूमि खसरा नंबर 183 .184 रकबा 0.10 0.36 हेक्टर भूमि दिया गया है जिस भूमि पे कोटवार के द्वार धान की बुवाई की गई थी परंतु घुटरा पारा के निवासी रामजीत उर्फ राधे पिता शुकुल उम्र लगभग 42 वर्ष 2. रामचंद्र उर्फ जुगुन माझी पिता रामदेव उम्र लगभग 35 वर्ष के द्वारा कोटवारी जमीन पर दिनांक 13.07.2024 को जूताई कर फिर से धान की बुवाई कर दिया गया फिर कोटवार ने थाना प्रतापपुर में दिनांक 13. 7.2024 को रिपोर्ट दर्ज कराई फिर भी थाना से कोई कार्रवाई नहीं हुआ फिर दिनांक 15.7.2024 को न्यायालय तहसील प्रतापपुर में स्थगन हेतु आवेदन दिया फिर भी तहसीलदार के रीडर के द्वारा स्थगन जारी नहीं किया गया जिस कारण कोटवार ने दिनांक 28.10.2024 को जिला

कलेक्टर सूरजपुर में आवेदन दिया लेकिन आज दिनांक तक कहीं से भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है।

ज्ञात हो कि कोटवारी भूमि पर अवैध कब्जा करने का यह पहला मामला नहीं है। इससे पूर्व में भी कई बार इस तरह की मामला सामने आई है जहां शासन प्रशासन की अनदेखी के वजह से कोटवारी भूमि पर अवैध कब्जा किया गया है जिसमें शासन के योजनाओं का लाभ पहुंचाने वाले गांव गांव घूमने वाले कोटवारों को भी अपने भूमि के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। जिसके लिए कई बार शिकायत के बाद भी ना तहसीलदार ने सुना ना बड़े अधिकारियों ने सर बादल की ठोकर खा रहे लगातार अधिकारियों के कार्यालय के चक्कर काट रहे कोटवार भूमि को कब्जा मुक्त करने में आखिर राजस्व विभाग कितना जिम्मेदार है इसे ही पता चलता है। तथा का कोटवारी भूमि पर हुए अवैध कब्जा को तत्काल हटाए जाने की मांग किए हैं।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. अ-2/2023-24

एतद द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूपेश आ0स्व0देवनारायण जाति पनिका निवासी ग्राम कल्याणपुर तहसील रामानुजनगर, जिला-सूरजपुर के द्वारा ग्राम कल्याणपुर तहसील रामानुजनगर,जिला-सूरजपुर, छ0ग0 ने स्थित भूमि खसरा नम्बर 795/2 रकबा 0.06 आरे में से 0.04 हे0 भूमि कृषि भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपर्वतन किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र,बी-1,खसरा, नक्शा,सरगुजा सेटलमेंट, रिनबरिंग सूची की छायाप्रति एवं ग्राम पंचायत कल्याणपुर का अन्नापति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उक्त सम्बंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से दिनांक 18/11/2024 को न्यायालयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उसके पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30/10/2024 को न्यायालयीन पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी(रा.)
रामानुजगर,जिला-सूरजपुर

# प्रदेश में अराजकता व अशांति के लिए कांग्रेस कर रही षडयंत्र:भूलन सिंह मरावी

» सूरजपुर नपा अध्यक्ष के ईशारे पर बाहरी लोगों के हस्तक्षेप से,बढ़ा भ्रष्टाचार:बाबूलाल अग्रवाल

– संवाददाता –
सूरजपुर, 04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ प्रदेश मे कांग्रेस द्वारा अराजकता व अशांति फैलाने सहित अन्य मुद्दे को लेकर भाजपा कार्यालय अटल कुंज मे पत्रकार वार्ता आयोजित कर प्रेमनगर विधायक भूलन सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाया। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक भूलन सिंह मरावी ने कहा कि जब से प्रदेश मे भाजपा की सरकार बनी है कांग्रेस पदाधिकारी षडयंत्र के तहत समूचे प्रदेश मे अशांति फैलाने का काम कर रहे हैं। बलौदाबाजार या सूरजपुर सहित कई घटनाओं मे कांग्रेस व एनएसयूआई के पदाधिकारियों की संलिप्तता दिख रही है। श्री मरावी ने कहा कि नगर पालिका सूरजपुर मे जिस तरह निकाय के संपत्ति का बंदरबांट किया जा रहा है वह पूरी तरह अवैधानिक है। भाजपा जिलाध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेसी सत्ता के बगैर छटपटा रहे हैं। आज पूरे प्रदेश मे जितनी भी घटनाएं घटित हुई उसमें कांग्रेस व एनएसयूआई पदाधिकारियों की संलिप्तता मिली है। कांग्रेस के पदाधिकारी विष्णुदेव साय सरकार को बदनाम करने इस तरह का षड्यंत्र कर रहे हैं। श्री प्रकाश मुनि साहेब के साथ अभद्रता मे शामिल युवक भी कांग्रेस का सक्रिय पदाधिकारी है। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगर पालिका सूरजपुर मे बड़े पैमाने पर अनियमितता व भ्रष्टाचार किया जा रहा है। निकाय मे बाहरी व्यक्तियो द्वारा नियमों को ताक पर रखकर दुकानों का आबंटन कर दिया गया। श्री अग्रवाल ने कहा कि नगरपालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा हाईटैक बस स्टैण्ड सूरजपुर में स्वावलंबन योजना के तहत सन 2023 में कुल 54 दुकानों का निर्माण कराया गया था। जिसमें से निर्माण के समय से ही 2 दुकानों को नगरपालिका अध्यक्ष के द्वारा बिना किसी प्रकिया का पालन किए बिना अपने चहेतों को दे दिया गया था। शेष 52 दुकानों को आबंटित करने हेतु गरीबी रेखा में रहने वाले लोगों से आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया था तथा नगरपालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा नियमानुसार अधिकारियों की उपस्थिति में ड्रा पद्धति से शासन के कर्मचारीतो के द्वारा आम जनता से एक-एक पर्ची निकालकर ड्रा प्रकिया का पालन करना था परन्तु उपरोक्त आबंटन प्रक्रिया में शासन द्वारा नियुक्त सभी अधिकारी मूक दर्शक बने रहे तथा पूरी प्रक्रिया का संचालन नपा अध्यक्ष का संरक्षण प्राप्त एक दो बाहरी व्यक्ति द्वारा किया गया जो घोर आपत्तिजनक है। इसकी शिकायत मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौपा गया है। इस दौरान जिला मिडिया प्रभारी शशि तिवारी, जिला मंत्री संदीप अग्रवाल, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अजय अग्रवाल (अज्जू), रामानुजनगर जनपद उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता, जिला सह मीडिया प्रभारी संस्कार अग्रवाल, जिला कार्यालय मंत्री राजेश्वर तिवारी, रितेश जायसवाल, मंडल महामंत्री आनंद सोनी, वार्ड पार्षद अजय सिंह, सुरेंद्र देवांगन, किशन देवांगन, संजू सोनी मौजूद रहे।



C M Y K

AMBIKAPUR 05 NOVEMBER 2024_Layout 2 11/5/2024 12:31 PM Page 6



# जिला विभाजन के बाद कोरिया के 10 नए सीटों का परिसीमन के बाद सीटों का आरक्षण भी हुआ तय





## कोरिया जिले के लिए नए सिरे से 10 सीटों का परिसीमन 2015 के अनुसार हो गया

## परिसीमन व आरक्षण के बाद अब चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का समीकरण भिड़ाना शुरू
## बीजेपी कांग्रेस सहित निर्दलीय प्रत्याशी अपने आरक्षण अनुसार करेंगे जोर आजमाइश

-संवाददाता-
कोरिया,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)। कोरिया जिले से एमसीबी अलग होने के बाद कोरिया के जिला पंचायत सीटों का परिसीमन नए सिरे से कर दिया गया है, कोरिया के लिए अब नई परिसीमन के साथ 10 सिट तैयार हो गई हैं इन 10 सीटों में आरक्षण भी तय हो गया है, अब लोगों चुनाव लड़ने की रणनीति की तैयारी भी अब शुरू हो गई है, अभी से ही दावेदार जोर आजमाइश शुरू कर दिए हैं, कुछ की मनसा के मुताविक आरक्षण नहीं मिला तो कुछ किस्मत के धनी निकले और उनके मुताबिक ही क्षेत्र में सीटों का आरक्षण तय हुआ। इस बार जिला पंचायत के 10 सीटों पर अलग-अलग गांव तय किए गए हैं जिन गांवों के मतदाता ही इस बार जिला पंचायत सदस्य तय करेंग।

### जिला पंचायत कोरिया के निर्वाचन क्षेत्रों के प्रारंभिक प्रकाशन पश्चात आरक्षण की स्थिति

कलेक्टर (पंचायत शाखा) जिला कोरिया के द्वारा विगत 30 अक्टूबर 2024 को जिला पंचायत कोरिया में सम्मिलित विकासखंडों क्रमशः बैकुंठपुर सोनहत एवं तहसील पोड़ी बचरा के क्षेत्रान्तगत आने वाले ग्राम पंचायतो को/ दस जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों में विभाजित कर नवीन जिला पंचायतों के निर्वाचन क्षेत्री का गठन कर प्रारंभिक प्रकाशन किया गया है तथा दिनांक 8-11-2024 तक दाना आपात आमंत्रित किये गये, प्रारम्भिक प्रकाशन के अनुसार विकास खण्ड बैकुंठपुर की 87 ग्राम पंचायतों को 6 (छः) जिला पंचायत निर्वाचन क्षेत्रों मे, विकास खण्ड सोनहत के 42 ग्राम पंचायतो को 2 (दो) निर्वाचन क्षेत्रों मे एवं तहसील पोड़ी बचरा के 33 ग्राम पंचायतो को 2 (दो) निर्वाचन क्षेत्रो में विभाजित किया गया है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनु?सार अब कोरिया जिला पंचायत की ग्रामीण क्षेत्रों की कुल जनसंख्या 2,40,483, होगी, जिसमे अ0जा वर्ग की जनसंख्या 18185 से अ0ज0जा वर्ग की जनसंख्या 1,19,785 है। इस जनसंख्या के अनुसार कोरिया जिला पंचायत के दस निर्वाचन क्षेत्रों में अ0जा0 वर्ग के लिये 01 (एक) अ0ज0जा वर्ग के लिये के लिये 05 (पांच) अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 01 (एक) तथा अनारक्षित वर्ग के लिये 03 (तीन) स्थान निर्धारित किये जावेगे, जिसमे प्रवर्ग वार 5 (पाँच) स्थान महिलाओ के ये लाट के द्वारा आरक्षित किये जाएंगे। प्रारंभिक प्रकाशन व निर्वाचन क्षेत्रों की जनसंख्या के अनुसार विकासखाए बैकठपुर की 6 (छः) निर्वाचन क्षेत्रो मे से निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 03 (तीन) अ जा वर्ग के लिये निर्वाचन क्षेत्र क्रमाक 02 (दो) एवं 06 (छः) अ0ज0जा0 वर्ग के लिये, एवं निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01, 04 एवं 05 अनारक्षित- वर्ग के लिये निर्धारित होगे एवं विकासखंड सोनहत के निर्वाचन क्षेत्र कमांक 7 एवं 8 अर्थात दोनो निर्वाचन क्षेत्र अ0ज0जा0 वर्ग के लिये तथा तहसील पोडी बचरा की निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 09 (नौ) अ0 ज जा वर्ग के लिये एवं निर्वाचन क्षेत्र क्रमाक 10 (दस) अनारक्षित मिर्धारित होगा। दानो-आपति के पश्चात प्राप्त दावा-आपति के आधार पर उक्त आरक्षण स्थिति में परिवर्तन भी हो सकेगा।




### आठ नवंबर तक दावा आपत्तियां का समय

जिला कलेक्टर ने इस सूची का सार्वजनिक प्रकाशन कार्यालय कलेक्टर, जिला पंचायत, सभी एसडीएम कार्यालय, तहसील कार्यालय और जनपद पंचायतों के सूचना पटल पर किए जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि इस सूची पर आगामी आठ नवंबर तक दावा आपत्तियां कलेक्टर कोरिया के समक्ष की जा सकेंगी।

### कोरिया से एमसीबी जिला अलग होने के बाद अब इस जिला में 10 नई जिपं सीट इस प्रकार है...

**सीट क्रमांक 01**

क्रमांक 01 में कुल 13 ग्राम पंचायत से सरडी, खरवत,आमगांव, चेरवापारा,आनी,ओड़गी,तलवापारा,रामपुर,जनकपुर,उरूमदुगा, सागरपुर, केनापारा, और जामपारा को लिया गया है।

**सीट क्रमांक 02**

इस सीट में कुल 17 ग्राम पंचायत में जगतपुर, नगर, उमझर, रटगा, जूनापारा, बिशुनपुर, फूलपुर, भण्डारपारा, सलका, सलबा, गदबदी, सारा, अमरपुर, चिल्का, मनसुख, पोटेडांड़ और डोहड़ा हैं।

**सीट क्रमांक 03**

इस सीट में 13 ग्रापं करजी, मुरमा, जमगहना, महोरा, चंपाझर, पूटा, अंगा,कटकोना,बरदिया,करहियाखांड,कटोरा, सावांरांवा और टेमरी गए हैं।

**सीट क्रमांक 04**

इस सीट में 11 ग्रापं चिरगुड़ा, रनई, तेंदुआ, जमड़ी, पिपरा, गिरजापुर, बिलारो, सोरगा, टेंगनी, खोंड और डुमरिया हैं।

**सीट क्रमांक 05**

इस सीट में 13 ग्रापं में सरभोका, बुड़ार, कसरा, रामपुर प, शिवपुर, अमहर, तरंगंवा, छिंदिया, डकईपारा, खोड़ी, डबरीपारा, खांडा और भांड़ी हैं।

**सीट क्रमांक 06**

इस सीट में 17 ग्रापं कुड़ेली, बस्ती, सरईगहना, मुड़ीझरिया, जामपानी, डूभापानी, मोदीपारा, बड़गांव, जटासेमर, बरपारा, झरनापारा, चारपारा, पतरापाली, मझगंवा, आमापारा, नरकेली, कंचनपुर हैं।

**सीट क्रमांक 07**

सोनहत क्षेत्र की 22 ग्रापं पंचायत आनंदपुर, दसेर, उझांव, नटवाही, सिंधोर, अमृतपुर, रामगढ़, चंदहा, बंशीपुर, नवाटोला, कचोहर, अकलासरई, किशोरी, चकडांड़, भैंसवार, पोड़ी, रजौली, सलगवांकला, बोड़ार, ओदारी, कुशहा और मधला है।

**सीट क्रमांक 08**

सोनहत क्षेत्र की 20 ग्रापं सोनहत, मेंड्रा, कछाड़ी, बेलिया, तंजरा, केशगंवा, कैलाशपुर, बसेर, दामुज, कछार, पुसला, घुघरा, कटगोड़ी, बसवाही, नौगई, मधोरा, लटमा, सुंदरपुर, मझारटोला और रावतसरई हैं।

**सीट क्रमांक 09**

खड़गंवा क्षेत्र से 17 ग्रापं सोंस, गढतर, गांविंदपुर, बंजारीडांड, पटमा, गणेशपुर, पड़िता, सांवला, छोटेसाल्ही, चिरमी, खंधौरा, इंदरपुर, बैमा, सागरपुर, बड़ेसाल्ही, टेडमा और गेजी है।

**सीट क्रमांक 10**

खड़गवां क्षेत्र की 16 ग्रापं में पोड़ी, बचरा, तोलगा, बडेकलुआ, मुगुम, बारी, छुरी, भरदा, सकरिया, जिल्दा, कदमबहरा, जिलीबांध, कन्हारबहरा, करवां और तामडांड़ हैं।

# अशफाक पुलिस की गिरफ्त से बाहर और शिकायत ठगी की आ रही

- » अशफाक से ठगे हुए 3 व्यक्ति एक साथ की थाने में किये शिकायत...
- » असफाक के खिलाफ ठगी के शिकार तीन लोगों ने और की शिकायत 10 लाख की ठगी का आरोप...
- » पूर्व में भी दो लोगों ने की थी शिकायत हुआ था अपराध दर्ज...
- » दैनिक घटती-घटना खबर पर लग रही मोहर,पहले ही बताया था की शिकायत तो की लगेगी अम्बर...सामूहिक शिकायत की बात भी हुई सच

-समरोज खान-
सूरजपुर,04 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)। सूरजपुर जिले के शिवप्रसादनगर निवासी अशफाक एफआईआर के बाद भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है,आज भी लोगों को इंतजार है उसके गिरफ्तारी का, पर पुलिस अभी तक गिरफ्तार करने में सफल नहीं हो पाई है,दो एफआईआर पहले ही दर्ज है अब तीसरी शिकायत एक और आ गई है जिसमें तीन लोगों ने अपने ठगे जाने की शिकायत पुलिस को की है, इस तरह पांच लोग ठगी के शिकार की शिकायत आ चुकी है, दैनिक घटती घटना ने पहले ही सभी को सचेत किया था और कहा था कि जैसे ही एक शिकायत होगी कई लोग सामने आएंगे जो अशफाक से ठगे होंगे,आखिर वही हो रहा है धीरे-धीरे शिकायतों की संख्या बढ़ रही है पर अब गिरफ्तारी कब होती है यह देखने वाली बात होगी। दैनिक घटती घटना 4 नवंबर को प्रकाशित खबर में यह भी बताया था कि सामूहिक शिकायत होगी आखिर सामूहिक शिकायत तीन लोगों ने एक साथ की यह भी बात सच निकली।

शिवप्रसादनगर के चर्चित अशफाक उल्लाह के ठगी के शिकार तीन और लोगों ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है जिसमें 10 लाख रुपये रकम दुगुना करने के नाम पर ठग लिए जाने का आरोप लगाया है। इसके पहले भी दो लोगों द्वारा रकम ठग लिए जाने की शिकायत दर्ज कराई जा चुकी है। जिस पर अपराध दर्ज किया गया है। जिसमें एक व्यवसाई अंबिकापुर के तथा दूसरे व्यवसाई सुरजपुर के है जो शिकार हुए है हालांकि ठगी के शिकार लोगों की तादात बहुत ज्यादा है किन्तु अब तक सिर्फ पांच लोगों ने ही शिकायत की है। जबकि बहुतों को उम्मीद है हो सकता है कि रकम वापस जो जाए जिससे लोग शिकायत करने में फिलहाल सोच विचार कर रहे है। रविवार को सुरजपुर कोतवाली पहुंच कर जिन लोगों ने शिकायत की है उनमें उमेशपुर का विजय कुमार राजवाड़े, अम्बिकापुर के हेमन्त कुमार व शिवप्रसादनगर के लक्ष्मण प्रसाद है । जिन्होंने कोतवाली में दिए एक लिखित शिकायत में कहा है कि असफाक उल्ला जरीफ उल्लाह एंव सुलेमान आदि ने उनसे 450 दिन एवं 55 दिन में पैसों को दुगना करने का झांसा देकर 01 अप्रैल 24 को रकम ठग लिए शिकायत में कहा गया है। 06 लाख रुपए का चेक 03.04.2024 को प्रदान किया गया तथा हेमंत द्वारा अपनी पत्नी श्रीमती दीपा के बैंक खाते से अनावेदक शारुख के बैंक खाते में आरटीजीएस के माध्यम से दिनांक 03.04. 2024 को 3 लाख रुपए अन्तरित किया गया, एवं आवेदक लक्ष्मण द्वारा दिनांक 03.04.2024 को ही 70000 रुपए फोन पे के माध्यम से अनावेदक सुलेमान के खाते में यूपीआई द्वारा अन्तरित किया गया एवं 30000 रुपए नगद सुलेमान को दिया गया। 10 लाख रुपए प्राप्त होने के कथन आवेदक लक्ष्मण को किया गया तथा गारंटी के तौर पर दी चेक प्रदान किया गया। एवं आश्वासन दिया गया कि 55 दिवस के अंदर 20 लाख रुपए मिल जायेगा 55 दिवस पूर्ण होने के बाद मोबाईल फोन में फोन करके पैसों की मांग की गई तब सम्बन्धितों द्वारा प्रायः टाल- मटोल कर बहाना बाजी करते रहे। असफाक द्वारा कहा गया कि दीपावली से पहले पूरा पैसा लाभ सहित मिल जायेगा। किन्तु अब वहां कोई मिलता नहीं है जिससे थाने में शरण लेकर रकम वापस दिलाने की मांग की गई है। असफाक उल्लाह द्वारा बड़े पैमाने पर लोगो से ठगी की गई है। कुछ लोगो ने पूर्व में भी शिकायत दर्ज कराई है पर अब तक आरोपी पुलिस के पकड़ से बाहर है जिससे निवेशकों में रोष है ।इसी तरह नगर के संजीत अग्रवाल द्वारा भी ठगी किये जाने की शिकायत थाने में दर्ज है जिसे भी पुलिस पकड़ नही पा रही है।


संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन | घटती घटना | सूरजपुर-कोरबा-सरगुजा-समाचार | अम्बिकापुर, सोमवार 04 नवम्बर 2024 | 6

लोगों का चैन छीनकर मस्ती वाला अशफाक उल्लाह का वीडियो आया सामने

सैकड़ो लोगों को ठगने वाला अशफाक आखिर कैसे कर रहा मस्ती वीडियो में देखा जा सकता है?

अशफाक का मस्ती वाला वीडियो देख लोग अपना सर पीट रहे हैं...

लोगों को मुश्किल में डालकर अशफाक मस्ती में नजर आ रहा है...

अशफाक अपने निवेशकों को पैसा दिलाने रायपुर लेकर गया पर जब लोग वहां पहुंचे तो उसके फॉड को देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई...

अशफाक किसी कंपनी में नहीं करता था निवेश वह खुद ही था कंपनी,जब यह बात अपने निवेशकों को बताया तो उड़ गए उनके होश

अशफाक ने कहा कि हरियाणा के गुड़गांव में बहुत सारा सोना खरीद कर रखा हूं जब गुड़गांव पहुंचे निवेशक तो अशफाक रात के अंधेरे में सभी को छोड़कर भाग निकला

अशफाक उल्लाह लोगों को ठगने के बाद अपने मस्ती में मस्त और ठगे जाने वाले हुए अब पस्त

निवेशक सामूहिक शिकायत करने की बना रहे रूपरेखा, पुलिस फॉड अशफाक उल्लाह को पकड़ने में क्यों नहीं दिखा रही दिलचस्पी?

पैसा कहां निवेश करता था यह जानने के लिए अशफाक को लेकर निवेशक रायपुर गए,वहां जाकर जो पता चला उसे सुनकर लोगों के पैर तले से जमीन खिसक गई...

फिर अशफाक ने एक और झूठ बोला कहा कि सोना खरीद के गुड़गांव में रखा हूं...

-समरोज खान-
सूरजपुर,03 नवम्बर 2024 (घटती-घटना)।

धारा 318 आई बीएनएस 2023 का अपराध किया गया दर्ज
F.I.R.

कुख्यात आरोपी कुलदीप का पैसा होता है खत्म,तो पुलिस करती है गिरफ्तार...
क्या अशफाक,संजीत का पैसा नहीं है खत्म इसलिए नहीं हुई उनकी गिरफ्तारी?

क्या अशफाक उल्लाह को पकड़ने में पुलिस की दिलचस्पी नहीं?

# पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत प्रतिभागियों को दिया गया प्रशिक्षण

- » सांसद श्री चिंतामणि महाराज ने समापन पर प्रतिभागियों को सौंपे प्रमाण-पत्र
- » सांसद ने प्रतिभागियों से सरगुजिहा में किया सीधा संवाद, प्रशिक्षण पर लिया फीडबैक
- » योजना में तहत 18 व्यवसायों के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगारों को दिया जाता है प्रशिक्षण, बैंक लोन की भी मिलती है सुविधा






-संवाददाता-
अम्बिकापुर,04 नवम्बर 2024(घटती-घटना)। सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज के मुख्य आतिथ्य में सोमवार को प्रधानमंत्री पी. एम. विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत जन शिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन किया गया। पी.एम विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत 18 व्यवसायों के पारंपरिक शिल्पकारों और कारीगारों को सहायता मुहैया कराई जाती है। योजना अंतर्गत 5 दिन का प्रशिक्षण प्राप्त कर कारीगर या शिल्पकार बैंक से लोन लेकर अपना काम प्रारम्भ कर सकते है। सांसद श्री चिंतामणि ने प्रशिक्षण के समापन अवसर पर मौजूद हितग्राहियों को प्रमाण पत्र सौंपे। उन्होंने सरगुजिहा में लोगों को संबोधित करते हुए योजना के लाभ बताए। साथ ही उन्होंने मौजूद महिलाओं से भी महतारी योजना योजना के लाभार्थियों से फीडबैक भी लिया। सांसद ने प्रशिक्षु हितग्राहियों से सरगुजिहा में सीधा संवाद किया और प्रशिक्षण पर भी फीडबैक लिया, साथ ही उनसे प्रशिक्षण प्राप्त करके बैंक से लोन लेकर रोजगार स्थापित किए जाने पर चर्चा की। इस तरह सरगुजिहा में संवाद कर प्रतिभागी भी काफी उत्साहित हुए। सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए हितग्राहियों को शासन द्वारा प्रशिक्षण और बैंक लोन की सुविधा दी गई है, इसका लाभ उठाएं। इसके साथ ही अपने व्यवसाय की बेहतर मार्केटिंग भी करें, जिससे आपके उत्पाद की जानकारी ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचे।

इस अवसर पर निदेशक जन शिक्षण संस्थान सरगुजा श्री एम. सिद्दीकी ने पी. एम. विश्वकर्मा योजना अंतर्गत प्रशिक्षण लेने ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से आये हुए प्रतिभागियों को जानकारी प्रदान की। उन्होंने योजना की जानकारी देते हुए बताया कि अब तक लगभग 750 लोगों ने विभिन्न ट्रेडों दर्जी, बास्केट मेकर, ब्रिक मेशन, फर्नीचर निर्माण आदि कार्यों में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। पहले चरण में 5 दिन का प्रशिक्षण होगा जिसमें लाभार्थी को रोजाना 500 रूपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। उसके बाद 15 हजार रुपए की टूलकिट एवं प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद प्रमाणपत्र प्रदाय किया जाता है। विश्वकर्मा योजना के तहत बैंक से 1 लाख रुपए का लोन 5 प्रतिशत ब्याज पर प्रदाय किया जाता है। इस दौरान महाप्रबंधक उद्योग विभाग श्री अंकुर गुप्ता और लाइवलीहुड कॉलेज के प्राचार्य श्री गिरीश गुप्ता ने भी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती सुनीता दास द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अन्त में सांसद श्री चिंतामणि ने उपस्थित सभी को उल्लास साक्षरता अभियान के तहत साक्षरता की अलख जगाने की शपथ दिलाई। इस प्रशिक्षण में पी. एम. विश्वकर्मा योजना के प्रशिक्षण के 7 वें बैच में पारंपरिक टोकरी बनाने वाले 188 प्रतिभागी, बढ़ई में 88, ईंट बनाने वाले 83 कुल 359 प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट वितरण किया गया। इस दौरान जन शिक्षण संस्थान के सभी मास्टर ट्रेनर एवं समस्त स्टॉफ उपस्थित रहे।

C M Y K

AMBIKAPUR 05 NOVEMBER 2024_Layout 2 11/5/2024 12:31 PM Page 7



## खेल की संक्षिप्त खबरें

### रणजी ट्रॉफी के बाद भारतीय विकेटकीपर रिद्धिमान साहा लेंगे क्रिकेट से संन्यास



**नई दिल्ली,04 नवंबर 2024।** भारत के विकेटकीपर रिद्धिमान साहा ने घोषणा की है कि वे इस साल 2024-25 रणजी ट्रॉफी सीजन के बाद क्रिकेट से संन्यास ले लेंगे, जिससे उनके 17 साल लंबे करियर का समापन हो जाएगा।साहा फिलहाल बेंगलुरु में कर्नाटक के खिलाफ बंगाल के चौथी राउंड मैच की तैयारी में जुटे हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर इस फैसले की जानकारी दी।उन्होंने एक्स पर लिखा, क्रिकेट में एक यादगार सफर के बाद, यह मेरा आखिरी सीजन होगा। बंगाल की ओर से रणजी ट्रॉफी में खेलते हुए संन्यास लेना मेरे लिए सम्मान की बात है। आइए इस सीजन को खास बनाएं।

### टीम इंडिया की शर्मनाक हार पर ये क्या कह गए डेविड वॉर्नर



**मेलबर्न,04 नवंबर 2024।** न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टेस्ट सीरीज में सूपड़ा साफ होने के बाद भारतीय टीम सवालों के घेरे में है। हर तरफ भारतीय बल्लेबाजी की कड़ी आलोचना हो रही है। ऋषभ पंत को छोड़कर कोई भी भारतीय बल्लेबाज कीवी गेंदबाजों के सामने नहीं टिक पाया। सरफराज खान ने 171 रन जरूर बनाए लेकिन वह पांच पारियों में फ्लॉप रहे। भारत को घर पर न्यूजीलैंड के हाथों क्लीन स्वीप झेलने के बाद 22 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलनी है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर ने भारतीय बल्लेबाजी को चिंता का विषय बता दिया है।

# आईसीसी ने एटीएफ का किया ऐलान



### » बीसीसीआई के इस अहम टूर्नामेंट को दी अलग विंडो

**नई दिल्ली,04 नवंबर 2024।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद यानी आईसीसी ने पुरुषों की तरह महिलाओं के भी फ्यूचर टूर प्लान यानी एफटीपी का ऐलान कर दिया है, जिसमें कुछ बड़े फैसले भी देखने को मिले हैं। आईसीसी की तरफ से साल 2025 से लेकर 2029 तक के महिला क्रिकेट के लिए एफटीपी का जो ऐलान किया गया है उसमें भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के टूर्नामेंट विमेंस प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यूपीएल को भी विंडो देने का फैसला लिया गया है। आईसीसी के इस फैसले से अब टूर्नामेंट में और भी अधिक विदेशी खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे। आईसीसी ने इसके अलावा 2 और लीग को अपने एफटीपी में जगह दी है।

### विमेंस बिग बैश लीग और महिला द हंड्रेड को भी आईसीसी ने दी जगह

आईसीसी ने बीसीसीआई के टूर्नामेंट विमेंस प्रीमियर लीग के अलावा इंग्लैंड में खेली जाने वाली महिला द हंड्रेड और क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की विमेंस बिग बैश लीग को भी अपने फ्यूचर टूर प्लान में अलग से विंडो दी है। इसी के साथ आईसीसी ने विमेंस वनडे चैंपियनशिप का विस्तार भी करने का फैसला किया है ताकि महिला क्रिकेट को बढ़ाने में और अधिक मदद मिल सके। साल 2026 में खेले जाने वाले विमेंस प्रीमियर लीग यानी डब्ल्यू पीएल के सीजन को जनवरी-फरवरी में अलग से विंडो दी गई है। इससे उस समय कोई दूसरी टी20 लीग भी आयोजित नहीं होगी। वहीं विमेंस बिग बैश लीग को आईसीसी ने अपनी विंडो में नवंबर के महीने में जगह दी है, जबकि महिला द हंड्रेड को अगस्त महीने की विंडो में जगह मिली है।

### वेस्टइंडीज की महिला टीम 20 साल के बाद खेलेगी अपना पहला टेस्ट

महिलाओं के नए एफटीपी प्लान में वेस्टइंडीज की टीम 20 साल के बाद अपना पहला टेस्ट मुकाबला खेलेगी। इसमें वह एक मैच की टेस्ट सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया की मेजबानी करेंगी, जिसमें इसके अलावा बाकी के फॉर्मेट की भी सीरीज खेली जाएगी जो मार्च 2026 में होगी। विंडीज महिला टीम ने अपना आखिरी टेस्ट मुकाबला साल 2003-04 में पाकिस्तान के खिलाफ खेला था। वहीं भारतीय महिला टीम को लेकर बात की जाए तो वह साल 2026 में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका का दौरा करेंगी, जबकि घर पर उन्हें इसी एफटीपी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलनी है।

# चार साल तक साल तक पानी पिलाने के बाद मौके का पूरा फायदा उठाया विल यंग ने



**मुंबई,04 नवंबर 2024।** केन विलियमसन जैसे दिग्गज खिलाड़ी की जगह भरना आसान नहीं होता लेकिन न्यूजीलैंड की भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 3-0 से जीत में अहम भूमिका निभाने वाले विल यंग ने चार साल तक रिजर्व बल्लेबाज के रूप में मैदान पर पानी पहुंचाने के बाद मिले इस मौके को अपनी खुद की पहचान बनाने के अवसर के रूप में देखा जिसमें वह सफल रहे। विलियमसन चोटिल होने के कारण तीनों टेस्ट मैच में नहीं खेल पाए जिससे यंग को अंतिम एकादश में जगह बनाने का मौका मिला जिसका उन्होंने पूरा फायदा उठाया। शीर्ष क्रम के इस बल्लेबाज ने बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच में नाबाद 48 रन बनाकर संकेत दे दिया था कि वह खुद को साबित करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

यंग ने न्यूजीलैंड की ऐतिहासिक जीत के बाद पत्रकारों से कहा,''चार साल पहले पदार्पण करने के बाद मैं टीम से अंदर बाहर होता रहा। मैं वर्षों तक रिजर्व बल्लेबाज रहा इसलिए मैं मैदान पर पानी पहुंचाने की भूमिका निभाने वाले खिलाड़ी की भावना को अच्छी तरह से समझता हूं।' ' उन्होंने कहा,''जब मुझे मौका मिला तो मैं अपनी तरह से खेलने को लेकर अधिक उत्साहित था तथा मैंने केन की जगह लेने का प्रयास नहीं किया। मैंने अपना नैसर्गिक खेल खेला। मैंने इसे केन की जगह लेने के बजाय खुद के लिए बड़े मौके के रूप में देखा।'' उन्होंने कहा कि भारत दौरे से पहले स्वदेश में अभ्यास सत्रों के दौरान विलियमसन ने खिलाड़ियों को भारतीय उपमहाद्वीप में खेलने को लेकर महत्वपूर्ण सलाह दी जिसका टीम को फायदा मिला। उन्होंने कहा, ''दुर्भाग्य से केन चोटिल होने के कारण टीम के साथ यहां नहीं आ पाया। वह बहुत अच्छा इंसान है जिससे आप पूछ सकते हैं कि मैच की इन परिस्थितियों के बारे में वह क्या सोचते हैं। हमने यहां आने से पहले तीन अभ्यास शिविर में भाग लिया था और वह इनमें मौजूद था।'' यंग ने तीन टेस्ट मैच में 244 रन बनाए। उन्होंने तीसरे टेस्ट मैच में 71 और 51 रन की दो शानदार पारियां खेली जिससे न्यूजीलैंड श्रृंखला में क्लीन स्वीप करने में सफल रहा।



# श्रीलंका और भारत में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद गौतम गंभीर पर उठ रहे सवाल

**नई दिल्ली,04 नवंबर 2024।** श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में अभूतपूर्व हार ने गौतम गंभीर को भारतीय टीम का मुख्य कोच नियुक्त होने के बमुश्किल तीन महीने बाद ही भारी दबाव में डाल दिया है। गंभीर को काफी धूमधाम से राष्ट्रीय टीम के कोच पद पर नियुक्त किया गया था। उन्हें इसके साथ ही ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए चयन समिति की बैठक में भी शामिल किया गया था। राष्ट्रीय टीम के साथ उनके शुरुआती रिपोर्ट कार्ड से साफ पता चलता है कि भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज के लिए चीजें अच्छी नहीं दिख रही हैं।गंभीर को टीम चयन मामलों में भी काफी छूट दी गयी है और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर अगर टीम के प्रदर्शन में बड़ा सुधार नहीं होता है तो आने वाले समय में टीम से संबंधित मुद्दों पर उतनी अहम भूमिका नहीं निभा पाएंगे।

# जोस बटलर ने राजस्थान रॉयल्स को कहा अलविदा



**नई दिल्ली,04 नवंबर 2024।** राजस्थान रॉयल्स ने सलामी बल्लेबाज जोस बटलर को रिटेन नहीं किया है। जिसके बाद बटलर ने सोशल मीडिया पर भावुक पोस्ट लिखा। बटलर ने आईपीएल में सालों से राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते आ रहे हैं। शायद अब ऐसा लग रहा है कि ऑक्शन में भी हो सकता है टीम उनपर दांव न लगाए। इसी कारण उन्होंने इस फ्रेंचाइजी के लिए फेयरवेल पोस्ट लिया। जो बटलर ने अपनी पोस्ट में लिखा कि, ऐसा लग रहा है कि ये एक अंत है। शुक्रिया राजस्थान रॉयल्स और उन सभी लोगों को शुक्रिया जो इन सात बेहतरीन सालों में साथ रहे। 2018 में मेरे क्रिकेट करियर के सबसे शानदार सालों की शुरुआत रही और मुझे पिंक जर्सी में कई यादगार पल मिले। मेरा और मेरे परिवार का खुली बाहों से स्वागत करने के लिए शुक्रिया। मैं बहुत कुछ लिखना चाहता हूं लेकिन यहीं रहने देता हूं।



# ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को चारों खाने किया चित

**मेलबर्न,04 नवंबर 2024।** ऑस्ट्रेलिया ने मेहमान टीम पाकिस्तान को मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर दो विकेट से हराकर हरा दिया। इसके साथ ही मेजबान ऑस्ट्रेलिया तीन मैचों की वनडे सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। कप्तान पैट कमिंस ने दो विकेट भी चटकाए और 32 रन बनाकर नाबाद लौटे। पाकिस्तान तीन-तीन मैचों की वनडे और टी20 सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलियाई दौर पर है। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड में खेले गए ये मुकाबला काफी ज्यादा रोमांचक स्थिति में पहुंचा। लो स्कोरिंग मैच में दोनों टीमों के बीच कांटे की टक्कर हुई। एक समय ऑस्ट्रेलिया को 19 रनों की जरुरत थी, जबकि उसके महज दो ही विकेट बचे थे। इसके बाद कप्तान पैट कमिंस ने जिम्मा उठाया और मेजबान टीम को रोमांचक मैच में जीत दिलाई। पाकिस्तान 203 रनों पर सिमट गया जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 33.3 ओवर में 8 विकेट पर 204 रन बनाकर पहला मुकाबला जीत लिया।

204 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी कुछ खास नहीं रही। ऑस्ट्रेलिया ने 28 रनों तक मैथ्यू शॉर्ट और जेक फ्रेजर मैकगर्क के विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद स्टीव स्मिथ और जोश इंग्लिश ने मिलकर स्कोर 113 रनों तक पहुंचाया। स्मिथ 44 रन बनाकर जबकि जोश 49 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद एक के बाद एक विकेट गिरते चले गए और ऑस्ट्रेलिया का स्कोर 185 रनों पर आठ विकेट हो गया। कप्तान पैट कमिंस ने स्टार्क के साथ मिलकर टीम को दो विकेट से रोमांचक जीत दिलाई।

# रणजी के अगले 2 राउंड से बाहर हुए मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली,04 नवंबर 2024।** टीम इंडिया से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी को एक्शन में देखने के लिए फैंस को अभी और इंतजार करना होगा। शमी जो रणजी ट्रॉफी में नजर आने वाले थे वह अगले दो राउंड के मुकाबलों से बाहर हो गए हैं।



बंगाल के लिए खेलने वाले ये तेज गेंदबाज के लिए बड़ा झटका है।34 साल के शमी ने अपना पिछला मैच वनडे वर्ल्ड कप में खेला गया था। अहमदाबाद में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल मैच के बाद से मैदान पर नजर नहीं आए हैं। उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए चुना नहीं गया था।
वह बंगाल के पहले दो राउंड के मुकाबलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। बंगाल को पहला मैच बेंगलुरु और दूसरा मैच इंदौर में खेलना है।

# मिथुन चक्रवर्ती और हेलेना ल्यूक की शादी सिर्फ 4 महीने ही चली थी

हाल ही में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की पहली पत्नी हेलेना ल्यूक का अमेरिका में निधन हो गया है। मशहूर डांसर और अभिनेत्री कल्पना अय्यर ने अपने सोशल मीडिया पेज पर यह जानकारी साझा की है। मिथुन और हेलेना की शादी महज चार महीने ही चली थी। अमिताभ बच्चन की फिल्म मर्द में हेलेना ने खास किरदार निभाया था। लंबे समय से अमेरिका में रह रहीं हेलेना ने डेल्टा एयरलाइंस में भी काम किया था। अपनी एक पोस्ट में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खराब सेहत के बारे में लिखा था, लेकिन मेडिकल हेल्प न लेने की वजह से 3 नवंबर 2024 को उनका निधन हो गया।





### हेलेना ल्यूक की आखिरी पोस्ट

हेलेना ल्यूक के निधन के बाद उनकी आखिरी फेसबुक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। हेलेना ने सुबह 9:20 बजे लिखा, अजीब लग रहा है। मिले-जुले भाव और पता नहीं क्यों। बेचैन। लोग पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं और अंदाजा लगा रहे हैं कि मौत से एक दिन पहले हेलेना को ऐसा क्यों महसूस हो रहा था। वहीं, उनके चाहने वालों ने पोस्ट पर कमेंट कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

### हेलेना का एक्टिंग करियर

हेलेना ने मनमोहन देसाई की ब्लॉकबस्टर मसाला फिल्म मर्द में ब्रिटिश महारानी का किरदार निभाया था। उनका किरदार लेडी हेलेन पहले आजाद सिंह (दारा सिंह) और फिर उसके बेटे राजू/मर्द तांगेवाला (अमिताभ बच्चन) को बचाती है। फिल्म में अमिताभ का डायलॉग, आज पता चला, सब गोरों का दिल काला नहीं होता मैडम उस समय काफी मशहूर हुआ था।

इसके अलावा हेलेना कई अन्य फिल्मों में भी नजर आईं, जिनमें आओ प्यार करें, दो गुलाब और साथ-साथ जैसी फिल्में शामिल हैं। हालांकि, बॉलीवुड में हेलेना का सफर ज्यादा लंबा नहीं रहा।

रिपोर्ट्स की मानें तो मिथुन चक्रवर्ती की मुलाक़ात मॉडल-अभिनेत्री हेलेना ल्यूक से अभिनेत्री सारिका से ब्रेकअप के बाद हुई थी। कहा जाता है कि दोनों को पहली नज़र में ही प्यार हो गया और उन्होंने शादी कर ली। उस समय मिथुन अपने करियर के चरम पर थे और हेलेना उनकी पहली पत्नी थीं। हालांकि, शादी जल्द ही खत्म हो गई। शादी के सिर्फ़ चार महीने बाद ही हेलेना ने तलाक मांग लिया क्योंकि एक्ट्रेस को मिथुन का साथ पसंद नहीं आया था और बाद में मिथुन ने अभिनेत्री योगिता बाली से शादी कर ली।

### तलाक को लेकर कही थी ये बात


अपने तलाक के बारे में बात करते हुए हेलेना ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो इस शादी से खुश नहीं थीं. मिथुन द्वारा किए गए वादों ने उनका दिमाग खराब कर दिया था। दोनों के बीच चीज़ें ठीक नहीं रहीं। हेलेना ने ये भी कहा था कि वो मिथुन के पास कभी नहीं जाएंगी। आपको बता दें कि हेलेना सालों से न्यूयॉर्क में रह रही थीं और डेल्टा एयरलाइंस में बतौर फ्लाइट अटेंडेंट काम कर रही थीं।

# ऐश्वर्या राय के माथे पर लगा है ये बड़ा कलंक

ऐश्वर्या राय एक बड़ी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने करियर में हम दिल दे चुके समन, देवदास जैसी बड़ी हिट फिल्में दी हैं। उनकी खूबसूरती और कातिल अदाओं ने दर्शक कायल हुआ करते थे और इसके साथ ही उनकी सधी हुई कलाकारी उनके काम में जान डाल देती थी। लेकिन कहते हैं न कि हर सितारा जो चमक रहा होता है उनसे काफी अंधकार भी देखा होता हैं। ऐश्वर्या राय भी उनमें से एक हैं। ऐश्वर्या राय के करियर को कथित तौर पर कलंकित करने वाली एक फिल्म थी, जो अभी तक की उनके करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म थी। इस फिल्म ने उनके पति अभिषेक बच्चन भी जुड़े हैं।

### ऐश्वर्या राय की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म में अभिषेक बच्चन थे...

बॉलीवुड में रीमेक का दौर आज से नहीं बल्कि सालों से चला आ रहा है। दूसरी भाषाओं के अलावा बॉलीवुड में भी हिंदी फिल्मों के रीमेक बनाए गए हैं। ऐसी फिल्मों में सबसे पहले देवदास का नाम आता है। इसके पहले वर्जन में दिलीप कुमार लीड रोल में थे, वहीं रीमेक में शाहरुख खान थे। दोनों ही फिल्मों को दर्शकों और आलोचकों का भरपूर प्यार मिला। इसके अलावा एक और फिल्म है जिसका शानदार रीमेक बनाया गया, लेकिन पहले वर्जन के मुकाबले दूसरी फिल्म ने बिल्कुल भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय बच्चन लीड रोल में थीं। काफी उम्मीदों के बावजूद फिल्म सफल नहीं हो पाई। इसके अलावा ऐश्वर्या राय के साथ उनके पति अभिषेक बच्चन भी रोमांस करते नजर आए, जबकि एक और बॉलीवुड एक्टर ने उनकी लवस्टोरी को बर्बाद करने की कोशिश की। कवि और लेखक मिर्जा हादी रुसवा द्वारा 1899 में लिखा गया उमराव जान अदा उर्दू साहित्य के बेहतरीन उपन्यासों में से एक माना जाता है। कहानी एक ऐसी लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है जिसे बचपन में वेश्यालय में बेच दिया जाता है और वह लखनऊ की सबसे मशहूर वेश्याओं में से एक बन जाती है। इस उपन्यास ने भारत और पाकिस्तान दोनों में कई फ़िल्म और टेलीविज़न रूपांतरणों को प्रेरित किया है। भारत में दो सबसे चर्चित रूपांतरण थे, एक में रेखा और दूसरे में ऐश्वर्या राय मुख्य नायिका थीं। 2006 में, जेपी दत्ता ने ऐश्वर्या राय को मुख्य भूमिका में लेकर उमराव जान बनाई। इसमें अभिषेक बच्चन, शबाना आज़मी, सुनील शेट्टी, दिव्या दत्ता और कुलभूषण खरबंदा जैसे दमदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में थे। ऐश्वर्या से पहले प्रियंका को ऑफ़र की गई थी फ़िल्मि पूर्व मिस वर्ल्ड की एक्टिंग और जेपी दत्ता के निर्देशन को दर्शकों ने पसंद नहीं किया और फ़िल्मि बॉक्स ऑफ़िसि पर फ्लॉप हो गई।



15 करोड़ रुपये की लागत से बनी उमराव जान ऐश्वर्या राय की सबसे बड़ी फ़्लॉप फिल्म बन गई। बॉक्स ऑफिस इंडिया पोर्टल के अनुसार, इसने भारत में केवल 7.42 करोड़ रुपये कमाए। उमराव जान की रिलीज से पहले जेपी दत्ता ने खुलासा किया था कि ऐश्वर्या नहीं बल्कि प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म के लिए उनकी पहली पसंद थीं। साल 2005 में पीटीआई से बात करते हुए निर्देशक ने कहा था, मैं उस मुकाम पर पहुंच गया था जहां मुझे फैसला लेना था। मैं प्रियंका के साथ काम करना चाहता था। मैंने उन्हें उमराव जान के तौर पर देखा था। लेकिन हम एक डेड एंड पर थे।

### जेपी दत्ता ने 12 साल तक काम नहीं किया

जेपी दत्ता ने साल 1997 में भारत की सबसे बेहतरीन वॉर ड्रामा फिल्म बॉर्डर बनाई थी। उमराव जान की असफलता से वे इतने निराश हुए कि उन्होंने अपनी अगली फिल्म पलटन को 12 साल के लिए टाल दिया। 12 साल तक फिल्मों से दूर रहने के बाद उन्होंने साल 2018 में इस फिल्म से वापसी की थी। जैकी श्रॉफ, अर्जुन रामपाल, सोनू सूद, हर्षवर्धन राणे, सोनल चौहान और ईशा गुप्ता जैसे कलाकारों से सजी इस वॉर ड्रामा को भी दर्शकों ने नकार दिया था। जेपी दत्ता अब बॉर्डर 2 पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और वरुण धवन जैसे सितारों को कास्ट किया है।

CMYK

संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

घटती घटना

राजधानी समाचार

अम्बिकापुर, मंगलवार 05 नवम्बर 2024



## प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

### हाईकोर्ट आईएएस रानू साहू को झटका,देवेंद्र यादव की रिमांड बढ़ी



रायपुर,04 नवम्बर 2024(ए)। छत्तीसगढ़ के दो प्रमुख मामलों में आज न्यायालय ने कड़ी कार्रवाई की है, जिससे निलंबित आईएएस अधिकारी रानू साहू और भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। कोयला लेवी घोटाला मामले में जेल में बंद रानू साहू की जमानत याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है, जबकि बलौदाबाजार हिंसा मामले में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की न्यायिक हिरासत को 11 नवंबर तक बढ़ा दिया गया है।

### 13 नवंबर को अवकाश की घोषणा



रायपुर,04 नवम्बर 2024(ए)। रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के तहत 13 नवंबर 2024 दिन बुधवार को मतदान संपन्न होगा। इस दिन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी किए गए आदेश अनुसार निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत स्थित कार्यालयों में मतदान के लिए सार्वजनिक अवकाश तथा सामान्य अवकाश की घोषणा की गई है। मतदान दिवस के पूर्व 12 नवंबर को मतदान केन्द्र वाले स्कूलों में अवकाश की घोषणा रायपुर दक्षिण विधानसभा उपनिर्वाचन 2024 के तहत मतदान दिवस के पूर्व 12 नवंबर को मतदान केन्द्र वाले शासकीय, प्राईवेट स्कूलो में अवकाश घोषित की गई है। उप निर्वाचन के लिए 12 नवंबर को मतदान दलो को मतदान सामग्री का वितरण किया जाएगा और मतदान केन्द्र के लिए उन्हे रवाना किया जायेगा।

### राज्य सरकार की एसआईटी टीम भी करेगी लोहारीडीह कांड की जांच



कवर्धा,04 नवम्बर 2024(ए)। कवर्धा के लोहारीडीह कांड की न्यायिक जांच के साथ साथ अब जांच के लिए एसआईटी टीम गठित किया गया है। बता दें कि, जिले के एडिशनल एसपी पंकज पटेल के नेतृत्व में सात सदस्यीय टीम जांच करेगी। बता दें कि एसआईटी ने पहले ही न्यायिक जांच टीम बैठाई है, जो 20 नवंबर तक सौंपेगी रिपोर्ट।

### बाल-बाल बचे छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री.दयाल दास




बलौदाबाजार,04 नवम्बर 2024(ए)। रविवार को एक सड़क दुर्घटना में छत्तीसगढ़ के खाद्य मंत्री के काफिले की गाड़ी को एक तेज रफ्तार बस ने टक्कर मार दी। घटना के समय मंत्री अपने काफिले के साथ क्षेत्र के दौरे पर थे। टक्कर के कारण काफिले की गाड़ी को काफी नुकसान पहुंचा। सिमगा थाना क्षेत्र में स्थित फैमिली ढाबा के पास यह हादसा हुआ।मंत्री दयाल दास बघेल बेमेतरा से रायपुर जा रहे थे। तभी उनके फॉलो वाहन को बस ने टक्कर मार दी। मंत्री के काफिले में शामिल गाड़ी सीजी04 एनएल 5643 को रैंबो बस कंपनी की बस सीजी 04 एमजेड 8792 ने टक्कर मार दी। बस काफी तेज रफ्तार में थी जिससे ये हादसा हुआ। बलौदा बाजार के सिमगा थाना क्षेत्र में हुए हादसे के तुरंत बाद हाइवे पेट्रोलिंग गाड़ी मौके पर पहुंची। साथ ही एसडीओपी ऐश्वर्य चंद्राकर, सिमगा थाना प्रभारी योगिता खापर्डे सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचा और रेस्क्यू शुरू किया।

# राज्योत्सव को लेकर सियासत

» पूर्व सीएम बघेल ने राज्योत्सव को लेकर दे दिया विवादास्पद बयान...

» भड़के डिप्टी सीएम साव, कह दी ये बात...





रायपुर,04 नवम्बर 2024(ए)। प्रदेश में पिछले कुछ दिनों से अपराध का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन अपराधी, चोरी, लूटपाट की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। बदमाशों के हौसले इस कदर बढ़ गए हैं कि नेताओं को भी अब शिकार बना रहे हैं। ऐसा ही एक मामला राजधानी रायपुर से सामने आया है, जहां चाकू की नोक पर लूटपाट की घटना हुई है। जिसको लेकर अब राजनीतिक बयानबाजी शुरू हो चुकी है।

इस घटना के बाद अब पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने भाजपा पर बड़ा हमला बोला है। भूपेश बघेल ने कहा कि सुशासन के शिकार अब भाजपा पदाधिकारी भी हो रहे हैं। अब उनके इस बयान को लेकर डिप्टी सीएम अरुण साव ने पलटवार किया है। डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि '5 सालों में कानून व्यवस्था की दुर्दशा कर दी, यह सब भूपेश बघेल की सरकार में ही हुआ। भूपेश बघेल को ऐसे आरोप लगाने के अधिकार बिल्कुल नहीं, सरकार घटनाओं पर ठोस और मजबूत कार्यवाही कर रही। कांग्रेस ने राज्योत्सव समारोह को लेकर भाजपा पर हमला बोला है। कांग्रेस ने कहा कि 10 महीने में क्या किया? क्या चाकू तलवार दिखाएंगे। इस मामले में डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि '2 साल का बकाया बोनस आपने वादा कर नही दिया, हमने 12 दिनों में पुराना बोनस दे दिया। आपने तरसा तरसा कर कटौती कर धान का पैसा दिया, हमने एकमुस्त 3100 रुपए पर खरीदा, और पैसा दिया। किसानों के एक रुपए की भी कटौती नहीं की। 70 लाख माता बहनों को महतारी वंदन का लाभ दिया। गांव शहर में रुके विकास दोबारा शुरू हुए, ये सब विकास कांग्रेस को नहीं दिख रहे। आंखो पर इटालियन चश्मा पड़ा हो तो हम कुछ नहीं कर सकते।

## एमपी सीएम मोहन यादव आत्मीय स्वागत



रायपुर,04 नवम्बर 2024 (ए)। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छत्तीगसढ़ राज्योत्सव 2024 के उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए राजधानी रायपुर पहुंचे। रायपुर एयरपोर्ट में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, जगदलपुर विधायक किरण देव, रायपुर ग्रामीण विधायक मोती लाल साहू, अभनपुर विधायक इंद्र कुमार साहू, विधायक पुरंदर मिश्रा, धरसींवा विधायक अनुज शर्मा, आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने आत्मीय स्वागत किया। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव छत्तीसगढ़ दौरे पर रायपुर पहुंचे। उन्होंने प्रसन्नता जताई कि छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस एक ही दिन मनाया जाता है। डॉ. यादव ने कहा, अतीत में ये दोनों राज्य एक ही थे और आज भी सगे भाई की तरह जुड़े हुए हैं। मेरी ओर से छत्तीसगढ़वासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में हो रहे विकास की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों उपमुख्यमंत्री और मंत्रीगण जनता के हित में लगातार कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में डबल इंजन की सरकार चल रही है, जहां सभी मंत्री मिलकर सहयोग कर रहे हैं।डॉ. यादव ने कहा, इस पुराने मध्य प्रदेश के हिस्से में, छत्तीसगढ़ आकर मैं खुद को सौभाग्यशाली महसूस कर रहा हूँ। उन्होंने भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को धन्यवाद दिया, जिनकी दूरदर्शिता के कारण छत्तीसगढ़ के विकास का मार्ग खुला। उन्होंने आगे कहा कि बीच में कांग्रेस की सरकार के कारण कुछ अवरोध आए थे, लेकिन अब सभी बाधाएं दूर हो गई हैं और हमारी सरकार तेज गति से सभी क्षेत्रों में कार्य कर रही है।

# हर बड़ी आपराधिक घटना का आरोप कांग्रेस पर

**पत्रकार वार्ता में किरण देव ने स्पष्ट आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साजिश के तहत हो रहा...**





रायपुर,04 नवम्बर 2024(ए)। प्रदेश की राजधानी रायपुर में लगातार हो रही हत्या की वारदातों से यहां की कानून-व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। इसी मुद्दे पर प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह पत्रकारों को बयान दे रहे थे, इसी दौरान सेंट्रल जेल परिसर में गोली चलने की खबर आ गई। यहां एक आदतन बदमाश पर कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी।

### लॉ एन्ड आर्डर के लिए कांग्रेस को ठहराया जिम्मेदार

एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता में किरण देव ने स्पष्ट आरोप लगाया कि यह कांग्रेस की राष्ट्रीय स्तर पर तय हुई साज़िश के तहत हो रहा है कि समूचे देश-प्रदेश को अराजकता में धकेल दो, फिर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करो। भय और आतंक का वातावरण निर्माण करो।

किरण देव सिंह ने प्रदेश में बढ़ते अपराध, तनाव और अराजकता के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराते हुए कथित तौर पर कांग्रेस के लोगों की कारगुजारियों को सामने रखा है और कहा कि जहां एक ओर छत्तीसगढ़ प्रदेश अपना 25वां राज्योत्सव मना रहा है, वहां बड़े दुख और चिंता के साथ कांग्रेस की कारगुज़ारियों को आपके बीच रखने की विवशता है। देव ने साफ-साफ लफ्जों में आरोप लगाया कि प्रदेश में जहां भी अपराध और तनाव जैसी स्थिति उत्पन्न हो रही है, उसकी जड़ में कांग्रेस है। कांग्रेस जान-बूझकर छत्तीसगढ़ को आग में झोंकना चाहती है। इसलिए पहले खुद अपराध को अंजाम देती है, षड्यंत्र रचती है और फिर उस मुद्दे पर सरकार को घेरने में उसके बड़े नेता लग जाते हैं।

### दामाखेड़ा की घटना में कांग्रेस नेता का हाथ


किरण देव ने कहा कि अभी दामाखेड़ा में कबीरपंथ ही नहीं, समूचे प्रदेश की आस्था के केंद्र पर हमला करने वाला भी कांग्रेस का सक्रिय कार्यकर्ता निकला है। इसका प्रमाण स्वयं प्रकाशमुनि साहब के फेसबुक के पोस्ट में है। प्रकाशमुनि साहेब ने अपने फेसबुक पोस्ट में इस बात का उल्लेख किया है कि इस घटना में भी अपराधी सरपंच पति कांग्रेस पार्टी का ही कार्यकर्ता है। प्रकाशमुनि साहब ने स्पष्ट यह आरोप लगाया है कि दामखेड़ा की घटना को राजनीतिक रंग दिया जा रहा है। कांग्रेस के इस कृत्य की जितनी भर्त्सना की जाए, कम है।

इस प्रेस वार्ता में किरण देव सिंह ने कहा कि बीते 5 वर्ष में किस तरह से छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया गया। जहां-जहां बीजेपी की सरकार है वहां-वहां नरेटिव सेट किया गया है7 छत्तीसगढ़ में जब भी कोई घटना होती है, तो कांग्रेस द्वारा लॉ एन्ड आर्डर का सवाल उठाकर भय फ़ैलाने का प्रयास किया जाता है, वही जब इन घटनाओं में जब कांग्रेस से जुड़े लोगों की संलिप्तता पाई जाती है, तो वह बैकफुट पर आने लगती है। किरण देव सिंह ने कहा कि बलौदा बाजार की घटना,सूरजपुर की घटना, अभी दामाखेड़ा की घटनाज में किस की संलिप्ता सामने आई हैज प्रकाशमुनि ने भी ट्वीट किया है, उन्होंने भी सवाल किए हैं, उसका जवाब क्यों नहीं दे रही हैज इसमें जहर घोलने का काम अशांति का काम कौन कर रहा है।

इस प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया के माध्यम से ही यह जानकारी सामने आयी कि राजधानी के सेंट्रल जेल परिसर में गोलीबारी हुई है। मीडिया ने इस संबंध में भी सवाल दागा। तब किरण देव ने कहा कि अभी हमें आपसे इस घटना की जानकारी मिल रही है। इसके बारे में संज्ञान लेकर हम बातचीत करेंगे।


किरण देव ने कहा कि दामाखेड़ा में कबीरपंथ के आचार्य जी के निवास पर हुए हमले की भाजपा घोर भर्त्सना करती है और इसके पीछे के षड्यंत्र का पता लगा कर दोषियों को, चाहे वह कितना ही बड़ा कांग्रेसी क्यों न हो, सलाख़ों के पीछे भिजवाए बिना भाजपा चैन से नहीं बैठेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को प्रदेश में अशांति, अराजकता और आतंक फैलाने और फिर उस आग पर अपना हाथ सेंकने की छूट प्रदेश की भजपा सरकार बिल्कुल नहीं दे सकती।

## भाजयुमो नेता के साथ लूट कर सहयोगियों को मारा चाकू



रायपुर,04 नवम्बर 2024(ए)। राजधानी में लगातार हो रहे अपराध के बीच डीडी नगर में भाजयुमो के जिला उपाध्यक्ष के साथ मौजूद उनके दोस्तों पर चाकू चल गया। मामला एक नवंबर के रात की है, जिसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया और पुलिस ने मामले की जांच कर रही है। जांजगीर-चांपा के भाजयुमो ग्रामीण उपाध्यक्ष आकाश तिवारी ने डीडी नगर थाने रिपोर्ट लिखाई कि एक नवंबर की रात 9 बजे के आसपास तीन युवक स्कूटी पर सवार होकर आए और चाकू दिखाकर उनका मोबाइल-पैसे छीनने की कोशिश की। आकाश के साथ उसके दोस्त प्रशांत और शिवम थे, प्रशांत ने उसका विरोध किया तो बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया।

# मुसलमानों की दुकानों को लेकर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का विवादित बयान



रायपुर,04 नवम्बर 2024 (ए)। मध्य प्रदेश के छतरपुर में स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री हमेशा अपने बयानों की वजह से सुर्खियों में रहते हैं. आए दिन बाबा कोई न कोई ऐसा बयान देते हैं जो सोशल मीडिया पर छा जाता है, एक बार बाबा ने महाकुंभ प्रयागराज में लगने वाली मुसलमानों की दुकानों को लेकर बयान दिया है। बाबा ने कहा है कि जो सनातन परंपरा को नहीं जानते वो संतों का सम्मान क्या खाक करेंगे. उससे द्वंद पैदा होगा और विद्रोह पैदा होगा. इसके अलावा बाबा ने क्या कुछ कहा जानते हैं।महाकुंभ में मुसलमानों को दुकान लगाने की पाबंदी की मांग पर पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि जो सनातन परंपरा को नहीं जानते वो संतों का सम्मान क्या खाक करेंगे. उससे द्वंद पैदा होगा और विद्रोह पैदा होगा. पिछले दिनों जिस तरह थूक कांड हुआ, रामचरित मानस को जलाया गया, पालघर के संतों को निर्दयता के साथ मारा गया, देवी दुर्गा पंडालों में आग लगाया गया, इसका मतलब ये एंटी सनातन हैं, इन्हें सनातन से दिक्कत है, तो यहां उनका क्या काम है. मेरे अंगने में तुम्हारा क्या काम है.

## बागेश्वर बाबा ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

### शाल-श्रीफल भेंट कर सीएम ने किया अभिनंदन



सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। मुख्यमंत्री निवास में पहुंचे कथावाचक का मुख्यमंत्री ने स्वागत किया। इस दौरान मुलाकात की तस्वीरें मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट किया है। मुख्यमंत्री ने पोस्ट कर लिखा है कि..आज निवास में सुप्रसिद्ध कथावाचक पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के शुभागमन पर उनका आशीर्वाद प्राप्त करने का सौभाग्य मिला। परमपूज्य बागेश्वर धाम सरकार का शाल-श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया। इस अवसर पर स्वामी राजीव लोचन जी महाराज का भी सानिध्य प्राप्त हुआ। अंजनीपुत्र भगवान हनुमान की कृपा हम सभी पर सदैव बनी रहे।

# हाथियों की करंट से मौतों पर हाईकोर्ट ने लिया स्वतःसंज्ञान

» जनहित याचिका दायर कर बिजली विभाग के सचिव और मैनेजिंग डायरेक्टर से मांगा शपथ पत्र...



बिलासपुर,04 नवम्बर 2024(ए)। रायगढ़ जिले के घरघोड़ा वन परिक्षेत्र में तीन हाथियों की मौत के मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा तथा न्यायमूर्ति बी.डी.गुरु ने स्वतः संज्ञान में ली गई जनहित याचिका पर सुनवाई कर सचिव, ऊर्जा विभाग तथा मैनेजिंग डायरेक्टर, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी से शपथ पत्र प्रस्तुत करने के आदेश दिए। प्रकरण की अगली सुनवाई 20 नवंबर को निर्धारित की गई है।

### सिंघवी ने लगाई हस्तक्षेप याचिका

बता दें कि वन्य जीव प्रेमी नितिन सिंघवी ने भी जनहित याचिका में हस्तक्षेप याचिका दायर कर बताया है कि बिलासपुर वन मण्डल में भी एक अक्टूबर को बिजली के करंट से एक हाथी शावक की मौत हो गई। बिजली तार टूटने से 9 अक्टूबर को कांकेर में तीन भालू की मौत हो गई थी। शिकार करने के लिए लगाए गए बिजली तार से कोरबा में 15 अक्टूबर को दो लोग मारे गए थे तथा 21 अक्टूबर को भी शिकार करने के लिए लगाए गए बिजली तार से अंबिकापुर के बसंतपुर के जंगल में एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है। कोर्ट ने इस हस्तक्षेप याचिका पर भी शपथ पत्र देने के लिए आदेशित किया है।

### पूर्व में बिजली का प्रकरण हो चुका है निराकृत

दरअसल इससे पूर्व हाईकोर्ट में नितिन सिंघवी की बिजली को लेकर दायर जनहित याचिका निराकृत हो चुकी है। उन्होंने जंगलों के अन्दर से गुजरने वाले बिजली के तारों की ऊंचाई कम होने के चलते हाथियों सहित अन्य जंगली जानवरों के मारे जाने को लेकर याचिका दायर की थी। कई सालों तक मामले में सुनवाई के बाद आखिरकार बिजली विभाग ने कोर्ट में कहा कि तारों की ऊंचाई बढ़ाने का काम विभाग चरणबद्ध ढंग से करेगा। इसके बाद कोर्ट ने यह मामला निराकृत कर दिया। हालांकि बिजली विभाग ने यह नहीं बताया है कि वह कब तक यह कार्य पूरे कर लेगा।

# दामाखेड़ा में विवाद मामले में प्रदेशभर से अनुयायियों का जमावड़ा



रायपुर,04 नवम्बर 2024(ए)। छत्तीसगढ़ के दामाखेड़ा में स्थित कबीर पंथ के प्रमुख केंद्र में दीपावली की रात से शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। पटाखे फोड़ने को लेकर उपजे इस तनाव ने अब और गंभीर रूप ले लिया है। प्रदेशभर से बड़ी संख्या में कबीर पंथ के अनुयायी आश्रम पहुंच रहे हैं, जिससे प्रशासन ने भी सतर्कता बढ़ा दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दामाखेड़ा में कबीर पंथियों का सबसे बड़ा धार्मिक केंद्र स्थित है, जहां धर्मगुरु प्रकाश मुनि साहेब का निवास भी है। देश-विदेश से श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए आते हैं। बताया जा रहा है कि दीपावली की रात पटाखे फोड़ने को लेकर स्थानीय ग्रामीणों और आश्रम के बीच विवाद उत्पन्न हो गया था। इस घटना के बाद पुलिस ने 16 ग्रामीणों को गिरफ्तार किया है।

### सुरक्षा के लिए कड़ी व्यवस्था, पुलिस बल की तैनाती

गिरफ्तारी के बावजूद स्थिति अभी भी तनावपूर्ण बनी हुई है। सोमवार सुबह से दामाखेड़ा को पुलिस छावनी में बदल दिया गया है। आसपास के जिलों से भी पुलिस बल बुलाए गए हैं। बलौदाबाजार के एसपी विजय अग्रवाल, कलेक्टर दीपक सोनी, एसडीएम सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद हैं।

### प्रकाश मुनि साहेब का संबोधन

अनुयायियों की भारी भीड़ के मद्देनजर आश्रम में बड़े पैमाने पर भोजन की व्यवस्था की जा रही है। दोपहर 2 बजे प्रकाश मुनि साहेब अनुयायियों को दीपावली की रात हुए घटनाक्रम के बारे में संबोधित करेंगे। फिलहाल, क्षेत्र में शांति बनी हुई है। इस बीच, बलौदाबाजार में जिला कांग्रेस के कार्यकर्ता भी इस विवाद को लेकर प्रशासन को ज्ञापन सौंपने की योजना बना रहे हैं।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)